26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार , 1 नवम्बर , 2025

अंक- 07 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगदड़ से 9 श्रद्धालुओं की मौत

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )**। आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में आज एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब काशी बुग्गा वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगदड़ मच गई। इस हादसे में कम से कम 9 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा कार्तिक मास की एकादशी के पावन अवसर पर हुआ, जब मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, मंदिर परिसर के प्रवेश द्वार के पास अचानक भीड़ का दबाव बढ़ गया, जिससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई और भगदड़ की स्थिति पैदा हो गई। कई लोग गिर पड़े और उनके ऊपर भीड़ चढ़ती चली गई।

**आवश्यकता है**

डाटा एंट्री, रिपोर्ट तैयार करना और ऑनलाइन रिसर्च जैसे कार्य करने के लिए ऐसे युवक- युवतियों की आवश्यकता हैं, जिन्हें कंप्यूटर का अच्छा अनुभव व Microsoft Excel, Word और Internet का अच्छा ज्ञान हो। मेहनती व अनुभवी तुरंत संपर्क

AY Enterprises Haldaur
Mob. 6396616047

समस्त जनपदवासियों को सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ एवं गंगा स्नान पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

भारतीय मिठाइयों का असली स्वाद!

BIKANER MISHTHAN BHANDAR BMB

बीकानेर मिष्ठान भण्डार

(स्थापित वर्ष-1999)

Bikaner Bakers 100% Eggless

बीकानेर बेकर्स

(100 % EggLess )

वर्षों से शुद्धता, स्वादिष्टता व विश्वसनीयता का जाना-पहचाना नाम

शुद्ध देसी घी से निर्मित मिठाइयां

स्वादिष्ट जलेबी, इमरती, चटपटी चाट व नमकीन व्यंजनों की वैरायटियां

नोट- हमारी कोई अन्य ब्रांच नहीं है

सिविल लाइन्स, बिजनौर





## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**रविवार, 2 नवम्बर 2025**

मेष- दिनचर्या व्यवस्थित, नौकरी में पदोन्नति, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर, परोपकार की भावना जागृत, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय।

वृषभ- चिरवांछित कार्य बनने को, सफलता हेतु विचार-विमर्श, पठन-पाठन में रुचि, आय के नवीन स्त्रोत, व्यक्तित्व का विकास, अधिकारी वर्ग से सहयोग, लाभ भी।

मिथुन- आज दिन 6/49 बजे तक प्रतिकूलता, योजना अधूरी, समस्याओं से उलझनें, शेष समय बेहतर, व्यापारिक विस्तार, आहार-विहार में नवीनता, विरोधी परास्त।

कर्क- आज दिन 6/49 बजे तक अनुकूलता, आत्मबल में वृद्धि, सुयश की प्राप्ति, प्रसन्नता, शेष समय व्यवधानकारक, स्वास्थ्य में शिथिलता, कार्यों में निराशा।

सिंह- मनोवांछित कार्यों में सफलता, विवाद का समापन, प्रतियोगिता में अनुकूलता, विशिष्टजनों से सम्पर्क, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, आमोद प्रमोद में व्यय।

कन्या- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में लाभ का सुअवसर, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, धर्म अध्यात्म की ओर रुझान, यात्रा सुखद।

तुला- आज दिन 6/49 बजे तक अड़चनें, व्यावसायिक विफलता, शारीरिक कष्ट, तनाव, शेष समय प्रगतिकारक, अधूरे कार्य पूर्ण, आपसी सद्भाव, संत समागम।

वृश्चिक- आज दिन 6/49 बजे तक सफलता का मार्ग प्रशस्त, आरोग्य सुख, मन प्रसन्न, शेष समय विपरीत, आर्थिक हानि संभव, विवाद से नुकसान, मित्रों से असहयोग।

धनु- अभीष्ट सिद्धि से प्रसन्नता, स्वास्थ्य में सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, राजनैतिक गतिविधियों में वृद्धि, सुसमाचार से खुशी, शत्रु परास्त, वैवाहिक जीवन मधुर।

मकर- किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, मांगलिक आयोजन सम्पादित, दूसरों के आश्वासनों से राहत, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, समझदारी से हानि का बचाव।

कुम्भ- आज दिन 6/49 बजे तक समय अशुभ, कार्यों में अड़चनें, विरोधी प्रभावी, शेष समय बेहतर, समस्याओं का समाधान, उत्तरदायित्व का निर्वाह, धनागम का सुयोग।

मीन- आज दिन 6/49 बजे तक समय शुभ, आर्थिक उन्नति, महत्वपूर्ण उपलब्धि, हर्ष भी, शेष समय असंतोषजनक, जोखिम से नुकसान, प्रतिष्ठा पर आघात।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722

# मिटी धुंध जग चानन होया..

## शबद कीर्तन के साथ निकली प्रभातफेरी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव सातवें दिन भी शहर में प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में निशान साहिब लेकर सरदार अजय सिंह की अगुवाई में प्रभातफेरी पुरातन गुरुद्वारा साहिब रेलवे रोड से निकलकर विभिन्न मार्गो पर स्वागत होता हुआ प्रगति विहार में सरदार निपेंदर सिंह लोहिया के आवास पर पहुंची। जहां लोहिया परिवार ने साध संगत का जोरदार ढंग से स्वागत किया। प्रबंधक कमेटी ने निपेंदर सिंह को सरोपा देकर सम्मानित किया। मिटी धुंध जग चानन होया- कल तारण गुरुनानक आया, नाम मिले ता जीवा नानक नाम मिले ता जीवा जैसे साध-संगत शबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे। प्रभातफेरी में गुरुद्वारा के सेवादार हरचरण सिंह, सुरेन्द्र सिंह फलोदिया, डॉ. पुष्पेंद्र सिंह, मानवेंद्र सिंह, हरमीत सिंह निराला, सुरजीत सिंह नेगी, गुरुद्वारा सुधार कमेटी के अध्यक्ष सरदार विजयपाल सिंह, राजेश सिंह, देवेंद्र सिंह कटारिया, आरके सिंह, बीबी समरजीत कौर, अनीता कौर, सरदार सरदार कश्मीर सिंह, सरदार सोनू सिंह पोथीवाल आदि उपस्थित रहे। वहीं गुरुद्वारा साहब के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी मोहन सिंह ने शरबत के भले के लिए अरदास की।

## नगर पालिका ने चलाया विशेष सफाई अभियान



**शेरकोट ( चिंगारी )।** लगभग एक माह से नगर पालिका द्वारा संचारी रोगों की रोकथाम हेतु निरंतर चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर के कई मौहल्लों में विशेष सफाई अभियान चलाकर कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया गया। गत 5 अक्टूबर से अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को मौहल्ला इमामबाड़ा, फतेहनगर, चौधरियान आदि में विशेष सफाई कराई गई और कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया गया। इस दौरान सफाई प्रभारी मौ. ताहिर व फहीम अहमद ने नागरिकों को सफाई के प्रति जागरूक किया। उन्होंने लोगों से नगर को स्वच्छ बनाए रखने में पालिका का सहयोग करने और घरों का कूड़ा सड़कों व नालियों में न डालकर पालिका के कूड़ा उठाने वाले वाहन में ही डालने को कहा। इस मौके पर शिवा, कुलदीप, पप्पू, जौन, दीप, धर्मेंद्र कुमार आदि पालिकाकर्मी मौजूद रहे।

## इन्दिरा गांधी को श्रद्धांजलि दी



**शेरकोट ( चिंगारी )।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के शहादत दिवस पर एक सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय पर जमा हुए और इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर इंदिरा जी द्वारा राष्ट्रहित में किये गए कार्यो को याद किया गया और कार्यकर्ताओं ने उनके सपनों को साकार करने के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। सभा की अध्यक्षता नगराध्यक्ष हाफ़िज़ शहृन ने की और संचालन महामंत्री महफूज अहमद ने किया। फुरकान महमूद अंसारी, शेख निजामुद्दीन, मौ. नौशाद, मुन्ना भाई, नईम कुरैशी, नाजिम जबी अंसारी, डॉक्टर वेदप्रकाश शर्मा, सुमित अग्रवाल, राजेंद्र सिंह चौहान, सिकंदर सिंह रवि, अंसार अहमद, शेख वालीउल्लाह, पदम सिंह, मुस्तफा अहमद, अफ़जाल अहमद आदि उपस्थित रहे।

## टैक्सी चालकों ने जिलाध्यक्ष के समक्ष रखीं अपनी समस्याएं



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष अली शेर कुरैशी ने नगर के अजमल खां रोड पर एक बैठक का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ एवं संचालन नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी ने किया। मीटिंग में टैक्सी यूनियन की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। टैक्सी चालकों ने अपनी समस्याएं जिलाध्यक्ष के समक्ष रखी। जिलाध्यक्ष ने टैक्सी चालक यूनियन के सभी पदाधिकारियों को भरोसा दिलाया कि किसी का भी शोषण नहीं होने दिया जाएगा। टैक्सी चालकों ने जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ का फूल-मालाओं से स्वागत किया। मीटिंग में अली शेर कुरैशी, मोहम्मद अहमद, इस्लाम कुरैशी, धीरू सिंह, नवनियुक्त क्षेत्र मंत्री सौरभ खान, मोनू टाटा, रईस कुरैशी, जकी अहमद, धीरज झा, मोहम्मद असलम, मुकीम कुरैशी, सिताब खान, शेर अली, मोहम्मद रिजवान, परवेज अहमद, जाकिर सिद्दीकी, मोहम्मद जावेद, आसिफ आदि मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई



**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर पालिका कार्यालय में ग्रहकर प्रभारी के पद पर कार्यरत लिपिक राजेन्द्र सिंह के सेवानिवृत्त होने पर पालिकाकर्मियों द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। शुक्रवार को नगर पालिका सभागार के सभागार में अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी के नेतृत्व में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी ने सेवानिवृत्त हुए राजेंद्र सिंह द्वारा अपने सेवाकाल में कर्तव्य निष्ठा के साथ ड्यूटी को अंजाम दिए जाने की सराहना की। उन्होंने राजेंद्र सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना की। लिपिक मौ. ताहिर ने बताया कि राजेंद्र सिंह की नियुक्ति 1989 में दैनिक वेतन पर पम्प चालक के रूप में हुई थी और सन् 2005 में ये नियमित होकर अपनी सेवाएं दे रहे थे। इस दौरान पालिकाकर्मियों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया और उपहार भेंटकर विदाई दी। इसके उपरांत पालिकाकर्मियों द्वारा राजेंद्र सिंह को ढोल के साथ जुलूस के रूप में उनके घर तक पहुंचाया गया। इस अवसर लिपिक मौ. ताहिर, फहीम अहमद, मुनीर अहमद, हरिराज सिंह, सुनील कुमार, मौ. अरशद, अभिलाष श्रीवास्तव, मास्टर करतार सिंह, अनिल कुमार, संतोष देवी, गीता देवी आदि पालिका स्टाफ उपस्थित रहा।

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 1 नवम्बर, 2025


# दिल्ली में बीएस-4 मानक से नीचे वाले मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर रोक

## प्रदूषण कम होने की उम्मीद

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण पर रोक लगाने के मकसद से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग और दिल्ली परिवहन विभाग ने शुक्रवार मध्य रात्रि से दिल्ली में बीएस-4 से नीचे मानक वाले वाणिज्यिक मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी। बीएस-4 मानक वाले वाहनों को 31 अक्तूबर, 2026 तक प्रवेश की अस्थायी अनुमति दी गई है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के मुताबिक, दिल्ली में गैर-पंजीकृत बीएस-3 और उससे नीचे के मानकों वाले वाहनों का प्रवेश एक नवंबर से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इनमें हल्के, मध्यम और भारी मालवाहक वाहन शामिल हैं। यह प्रतिबंध प्रदूषण फैलाने वाले पुराने वाहनों को सड़कों से हटाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। सीएक्यूएम के मुताबिक, अब राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली में पंजीकृत, बीएस-6 मानक वाले पेट्रोल/डीजल वाणिज्यिक मालवाहक वाहनों के अलावा सीएनजी/एलएनजी चालित और इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक मालवाहन विमानों को प्रवेश की अनुमति होगी। इस नियम को लागू करने के लिए परिवहन विभाग ने यातायात पुलिस के सहयोग से 23 टीमें बनाई हैं।

## आवश्यक सूचना

मेरे पुत्र राशिद का व्यवहार मेरे प्रति अच्छा नहीं हैं, इसलिए मैंने ग्राम इनामपुरा परगना दारानगर तहसील व जिला बिजनौर में स्थित अपने आवासीय मकान में से राशिद के हिस्से को अपने दोनो पौत्रो शादमान व मन्नान पुत्रगण राशिद के नाम बराबर भाग की रजिस्टर्ड वसीयत कर दी हैं। मेरा पुत्र राशिद अवैध तरीके से उक्त संपत्ति को बेचने की कोशिश कर रहा हैं। जो व्यक्ति उक्त संपत्ति को खरीदता या बेचता हैं तो उसका जिम्मेदार वह स्वंय होगा।

**-यासीन पुत्र अली हसन, निवासी ग्राम ग्यासपुरा परगना दारानगर तहसील व जिला बिजनौर**


लोकप्रिय सांध्य दैनिक समाचार पत्र चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ पर **चिंगारी** परिवार को **बहुत-बहुत शुभकामनाएं** एवं

निरन्तर प्रगति हेतु प्रभु से प्रार्थना

**वरिष्ठ नागरिक समिति (पंजी.)**

156, सिविल लाइन द्वितीय निकट जजी चौराहा




**डा. जसवंत सिंह**
संस्थापक
9412215813



**डा. सुरेश चंद तोमर**
अध्यक्ष
7078605666



**सुरेश कुमार राजपूत**
महासचिव
9410298199



**ऋषिपाल सिंह**
कोषाध्यक्ष
9411949771



## Wanted

**Biology and Chemistry Teachers**

Urgently at St. John's School (CBSE)
Nai Basti Bijnor
Contact with documents at the school office.
**Mob. 9837801885, 9927979617**



## MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL

NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR

**URGENTLY REQUIRED**

**PGT** (ALL SUBJECTS)
**TGT** (ALL SUBJECTS)
**PRT** (ALL SUBJECTS)

*Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred*

Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800042, 8958800019



## होटल में स्टाफ की आवश्यकता

**2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी**

वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)
योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

**2. वेटर/बेल ब्वॉय**

वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार ( दिन/रात शिफ्ट )
योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

**होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747**



## आवश्यकता है

हल्दौर में एक कुशल खाना बनाने वाले व्यक्ति की आवश्यकता है। ( घरेलू कार्य के लिये )

सम्पर्क करें- 8191819148



ATHER

दीपावली के शुभ अवसर पर

बिजनौर में खुल गया है

इलेक्ट्रिक स्कूटर के **बादशाह**

**एथर का शोरूम**



ATHER

**Dhruvika Motors**

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 8192801901

**भली लगे या बुरी ...**

## एसआईआर और विपक्ष

चुनाव आयोग द्वारा 12 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों में एसआईआर कराया जा रहा है। विधानसभा चुनावों के लगभग एक साल पहले एसआईआर की घोषणा से निर्वाचन आयोग पर यह आरोप नहीं लगेगा कि वह जल्दबाजी में इस प्रक्रिया को अंजाम दे रहा है। दरअसल, बिहार में एसआईआर पर विपक्षी दलों का यह मुख्य आरोप था कि आखिर निर्वाचन आयोग इतनी जल्दबाजी में यह कदम क्यों उठा रहा है। राज्य अपने स्तर पर मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण कर उसे समय-समय पर प्रकाशित करते रहे हैं। दिल्ली में 2008 तथा उत्तराखंड में 2006 में मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण हुआ था जिसे राज्य निर्वाचन आयोगों ने प्रकाशित भी किया है। इसके अलावा कई अन्य राज्यों में भी 2002 से 2004 के बीच मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण हुआ है। अब निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के राष्ट्रव्यापी गहन पुनरीक्षण-एसआईआर के बाद पूरे देश में मतदाता सूचियों को अद्यतन बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान होगा। यदि राजनीतिक आरोपों-प्रत्यारोपों को किनारे छोड़ दें तो एसआईआर चुनाव सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन इसके साथ ही चुनाव सुधारों के अन्य कदम उठाना भी जरूरी हो गया है। भारतवर्ष में राज्यवार भिन्नता के बावजूद स्थानीय निकायों से लेकर विधानसभा व लोकसभा चुनावों तक मतदान प्रतिशत बहुत कम होता है। विडंबना है कि समाज के शिक्षित, समृद्ध व शहरी मतदाता मताधिकार प्रयोग करने के प्रति उत्सुक नहीं दिखते हैं। यह स्थिति भारत में लोकतंत्र के भावी विकास के लिए ठीक नहीं कही जा सकती है जो तमाम आंतरिक व बाहरी दबावों के बावजूद इस क्षेत्र में एक प्रकाश स्तंभ की तरह मजबूती से खड़ा है। हालांकि, मौजूदा बिहार विधानसभा चुनाव में कोई दल ईवीएम पर फिलहाल सवाल नहीं उठा रहा है, पर चुनाव परिणाम आने के बाद इसकी आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही राजद व कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने निर्वाचन आयोग के गठन, इसके कामकाज तथा निष्पक्षता पर लगातार सवाल उठाए हैं।

# बहनजी का नहीं रहा विश्वास, मुस्लिम नहीं आयेगा उनके पास!

**बसपा सुप्रीमो बहन मायावती ने कहा है कि मुसलमानों ने सपा के साथ बार-बार तन-मन धन से जाकर देख लिया, लेकिन वे बीजेपी को नहीं हरा सके। उन्होंने मुसलमानों को बसपा से जोड़ने के लिये भाईचारा संगठन में यूपी के 18 मंडलों में एक दलित व एक मुस्लिम को संयोजक बनाने की कवायद शुरू की है। विपक्ष का आरोप है कि कुछ दिन पहले माया ने लखनऊ में योगी सरकार के सहयोग से बीजेपी के दबाव में एक बड़ी विशाल रैली भी की थी, जिसके द्वारा यह संदेश देने की नाकाम कोशिश की गयी कि बसपा ने पूरी तरह से अपना जनाधार नहीं खोया है। इस रैली के ज़रिये मुसलमानों को गुमराह करके बसपा के साथ आने का यह कहकर लालच दिया गया था कि बसपा, भाजपा की बी टीम नहीं है।**



**इक़बाल हिन्दुस्तानी**

बसपा की मुखिया मायावती यह भूल रही हैं कि मुसलमान उस दौर में उनकी पार्टी के साथ फिर से जुड़ सकता है, जिस दौर में उनके अपने दलित समाज ने उनका साथ छोड़ दिया है। यह बात उनकी किसी हद तक सही है कि अगर मुसलमान दलित समाज के साथ जुड़ जाये तो कुछ अन्य हिंदू कमज़ोर पिछड़े और शोषित वर्ग के प्रत्याशी उतारकर बसपा, सपा, कांग्रेस के मुकाबले भाजपा के खिलाफ चुनाव जीत सकती है और माया इसी समीकरण के बल पर एक बार पूरे बहुमत से जीतकर यूपी में सरकार बना भी चुकी है। लेकिन उनको यह पता होना चाहिये कि केवल वोटों के समीकरण से चुनाव नहीं जीते जाते, बल्कि इसके लिये जनता का पार्टी व उसके नेता में विश्वास होना पहली शर्त है। 2007 में माया को दलितों व मुसलमानों के साथ ही कुछ पिछड़ों व अगड़ों ने वोट देकर सरकार बनवाई थी। लेकिन उस दौर में माया ने सत्ता के बल पर सबका विकास करके सबका विश्वास जीतने की बजाये केवल दलितों को खुश करने को एकतरफा और पक्षपातपूर्ण तरीके से काम किया और करप्शन के रिकॉर्ड तोड़कर वह बेहद कीमती मौका गंवा दिया। इसके बाद न केवल उनकी सत्ता चुनाव में छिन गयी, बल्कि उनके खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति की जांच भी शुरू हो गयी। यही वजह है कि बहनजी जेल जाने के डर से बीजेपी के इशारे पर ऐसे काम, बयान और फैसले करती हैं, जिससे उनके अपने वोटबैंक दलित, पिछड़े और मुसलमान उनसे धीरे-धीरे किनारा करते गये। उनका विश्वास पूरी तरह खत्म होता जा रहा है।



उनको जनता का बड़ा हिस्सा बीजेपी की बी टीम मानता है। बहनजी खुद भी बीजेपी से अधिक सपा और कांग्रेस के खिलाफ नज़र आती हैं। राष्ट्रीय स्तर पर बसपा का वोट शेयर 1991 में सबसे अधिक 8.38 प्रतिशत था, जबकि सांसद सबसे अधिक 2009 में 21 जीते थे, तो 2024 में मत प्रतिशत देश में 2.06 यूपी में 9.39 परसेंट हो गया और सांसद शून्य हैं। यूपी की बात करें तो 2007 में उसका वोट प्रतिशत सबसे अधिक 30.43 था, तो विधायक सबसे अधिक 207 जीते थे, लेकिन 2022 के चुनाव में वोट 12.88 प्रतिशत तो, विधायक मात्र एक रह गया है। माया यह भूल रही हैं कि उनसे अच्छे लच्छेदार और दिल को छू लेने वाले बयान एआईएमआईएम के ओवैसी देते हैं, लेकिन उनको भी जब से मुसलमानों ने बीजेपी की बी टीम माना है, तब से बांस से छूने को भी तैयार नहीं हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती चाहे दावें कुछ भी करें, लेकिन यह बात अब साफ हो गयी है कि वे मोदी सरकार के दबाव में अपने खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति मामले में जांच को दबाये रखने के लिये भाजपा के इशारे पर बहुजन समाज के हितों के खिलाफ राजनीति कर रही हैं। यही वजह है कि आम चुनाव शुरू होने के दौरान उनको जब इंडिया गठबंधन ने भावी पीएम का चेहरा बनाकर पेश करने के लिये विपक्षी गठबंधन में आने का न्यौता दिया तो वे इतना घबरा गयीं कि बिना इस प्रस्ताव पर चर्चा किये ही उल्टा यह आरोप लगा दिया कि कुछ दल बसपा के बारे में विपक्षी गठबंधन में जाने की अफ़वाहें फैला रहे हैं।

इससे पहले उन्होंने अपने भतीजे आकाश को चुनाव की कमान सौंप दी थी। जब आकाश जोरदार चुनाव प्रचार करके जल्दी ही मीडिया में चर्चित होने लगे तो उनके खिलाफ कुछ भाषण में अपशब्द कहने की भाजपा सरकार ने रिपोर्ट दर्ज कर दी। इसके बाद मायावती ने उनको उनके पद से हटाकर चुनाव प्रचार से भी रोक दिया। ऐसे ही मायावती ने जितने उम्मीदवार खड़े किये उनमें से जीता तो एक भी नहीं, लेकिन चर्चा है कि गैर दलितों से चुनाव चंदे के रूप में मोटी रकम लेकर टिकट इस हिसाब से दिये गये, जिससे अकेले यूपी में अकबरपुर, अलीगढ़, अमरोहा, बांसगांव, भदोही, बिजनौर, देवरिया, डुमरियागंज, फरूखाबाद, फतेहपुर सीकरी, हरदोई, मिर्जापुरा, मिश्रिख, फूलपुर, शाहजहांपुर और उन्नाव आदि 16 सीट पर बसपा के प्रत्याशियों ने इतने मुस्लिम, दलित वोट काट लिये कि इंडिया गठबंधन का उम्मीदवार उससे कम वोटों के अंतर से भाजपा केंडीडेट से हार गया। लेकिन यहां सवाल बसपा सुप्रीमो की नीयत का है। वे लगातार ऐसे बयान देती रही हैं जिससे भाजपा को लाभ और सेकुलर दलों को नुकसान हुआ है। 2019 में सपा से गठबंधन करके जब उन्होंने यूपी में संसदीय चुनाव लड़ा था, तो उनको शून्य से 10 सीट पर पहुंचने का भारी एकतरफा लाभ हुआ था। जबकि दलित वोट सपा को न जाने से सपा की सीट पहले की तरह 5 ही रह गयी थीं। फिर भी पूरी बेशर्मी से बहनजी ने झूठ बोलते हुए गठबंधन से बसपा को लाभ न होने का आरोप लगाकर भाजपा के दबाव में अलग होने का ऐलान कर दिया था।

यह अजीब बात है कि आज जब उनकी पोल खुल चुकी है कि वे भाजपा की बी टीम वैसे ही नहीं कही जातीं, बल्कि इसके कई प्रमाण और उदाहरण लोगों के सामने आते जा रहे हैं। हम तो चाहते हैं कि मायावती क़सम खा लें कि चाहे कोई मुसलमान कितनी ही बड़ी रकम चंदे में दे वे उसको किसी कीमत पर टिकट नहीं देंगी, क्योंकि इससे मुसलमानों पर उनका एहसान होगा नुकसान नहीं। सच तो यह है कि करोड़ों रूपये देकर जो बसपा का टिकट लाता है। उसके पास अपवाद छोड़ दें तो नंबर दो यानी हराम का पैसा ही अधिक होता है। इससे मुसलमानों का आर्थिक नुकसान तो होता ही है, साथ-साथ वोट काटकर बसपा, भाजपा को हर बार कई सीट जिताकर राजनीतिक नुकसान भी करती है। मुसलमानों का एक वर्ग जो साम्प्रदायिक है और बसपा प्रत्याशी को अपने ही धर्म का देखकर केवल इस चक्कर में वोट कर देता है कि इससे संसद में मुसलमानों की संख्या कुछ बढ़ सकती है। जबकि सेकुलर दल और उनके हिंदू नेता आज के दौर में मुसलमानों के अधिकार की लड़ाई बसपा के मुस्लिम से बेहतर लड़ रहे हैं। बहनजी आरपीआई के प्रकाश अंबेडकर और असदुद्दीन ओवैसी जैसे डबल गेम खेलने वाले चालाक धूर्त सभी नेता यह समझ लें कि ये पब्लिक है सब जानती है।

**एक आदमी में होते हैं दस-बीस आदमी,**
**जिसको भी देखना हो कई बार देखना।।**

(नोट- लेखक नवभारत टाइम्स डॉटकाम के ब्लॉगर और पब्लिक ऑब्ज़र्वर अख़बार के चीफ एडिटर हैं।)

# ऐसी व्यवस्था की जाये, नालों व सीवर का गंदा पानी गंगा में न जाने पाये : डीएम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति, मानव गुलदार संघर्ष निवारीकरण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कर गंगा तटीय गांवों में ग्राम वनों का विकास करें तथा गंगा घाट पर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था और जर्जर शौचालय की मरम्मत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी नगर निकायों में यह जांच कराना सुनिश्चित करें की कोई भी नाला या सीवर का गंदा पानी गंगा नदी में प्रवाहित न हो रहा हो।

जिलाधिकारी ने पर्यावरण समिति की बैठक की समीक्षा के दौरान वायु प्रदूषण के मानकों का अनुपालन न करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने तथा जुर्माना लगाने तथा चालानों में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिये। उन्होंने बायो मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि शेष रह गए अस्पतालों में शत–प्रतिशत बारकोड लगाना सुनिश्चित करें और बारकोड के आधार पर ही अस्पतालों से बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने वृक्षारोपण की समीक्षा के दौरान सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि पौधों का शत–प्रतिशत रूप से जियो टैग करना सुनिश्चित करें।



## गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में चलेगा जागरुकता अभियान

**जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा मानव–गुलदार संघर्ष न्यूनीकरण संबंधी बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिये कि गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाना सुनिश्चित करें तथा आमजन को गुलदार से बचाव एवं सुरक्षा के लिए जागरुक करें। उन्होंने निर्देश दिये कि गुलदार हमले से घायल लोगों को जांच के आधार पर मुआवजा भी दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जो पिंजरे वन विभाग को उपलब्ध कराए जा रहे हैं, उनमें पूरे मानकों का ध्यान रखा जाए, कोई भी पिंजरा निर्धारित मानकों के विपरीत नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।**

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# जूट के उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण लिया, 35 महिलाओं को प्रमाण-पत्र दिया

**हल्दौर ( चिंगारी )।** शुक्रवार को पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हल्दौर, बिजनौर द्वारा हल्दौर ब्लॉक की 35 समूह की महिलाओं को बेसिक ऑफ मेकिंग जूट प्रॉडक्ट्स का चौदह दिवसीय विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन एमओआरडी की तरफ से मूल्यांकन भी कराया गया। संस्थान के निदेशक मनीष कुमार गौतम के द्वारा ज्योति, सोनी,नीतू,कविता, ममता, उषा, सुमन, रिया, डोली, मोनिका, पूजा, सविता आदि 35 समूह की महिलाओं को प्रमाण–पत्र वितरित किए गए। साथ में ट्रेनिंग की गुणवत्ता व मूल्यांकन का भी परिचय लिया। ट्रेनिंग के दौरान सभी समूह की महिलाओं को उद्यमी गुण, बीमा, पेंशन, मार्केट सर्वे, गेम्स, प्रोजेक्ट रिपोर्ट व बैंकिंग क्षेत्र की जानकारी विस्तार से दी गई। ट्रेनिंग में महिलाओं को जूट के विभिन्न प्रकार के बैग, फ़ाइल, बैग पर रंगों से डिजाइन करना, बेकार चीजों से डेकोरेशन का उपयोग का सामान बनाना आदि का प्रैक्टिकल भी कराया। इस व्यवसाय से महिलाएं अपनी–अपनी आजीविका अर्जन करके परिवार का पालन पोषण कर सकती हैं। क्योंकि भारत को प्लास्टिक मुक्त करने में जूट की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है।



# योगी सरकार में यह कैसा अंधेर
## सड़क की साइड में लगा दिये मिट्टी के ढेर

**छाछरी मोड़ ( चिंगारी )।** गंज से हल्दौर के बाल किशन चौराहे तक नई सड़क बनाकर ठेकेदारों ने सड़क की साइड समतल नहीं की। सड़क के दोनों ओर मिट्टी के ढेर पड़े हुए हैं, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के दोनों ओर पड़ी हुई मिट्टी के कारण साइड में बचने की जगह भी नहीं है और मिट्टी के ढेरों से टकराकर दुर्घटनाएं हो रही हैं। महात्मा विदुर कुटी घाट पर कार्तिक गंगा स्नान के मेले की तैयारी चल रही है, जिसमें हजारों श्रद्धालु इसी सड़क से होते हुए आते हैं। सड़क की साइड में मिट्टी के ढेरों और बरसात में पानी से टूटी हुई साइडों को अभी तक ठीक नहीं किया गया है और मेले में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया है। यदि समय रहते मिट्टी को समतल नहीं किया गया और टूटी साइडों को सही नहीं किया गया तो कोई भी दुर्घटना हो सकती है। ऊपर से गन्ने का सीजन भी शुरू होने जा रहा है। सड़क की साइड ठीक न होने से किसानों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।



# लौह पुरुष की जयंती धूमधाम से मनाई
## दौड़ लगाकर एकता की अलख जगाई

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिस के जवानों ने रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर किया गया। सुबह 7 बजे मुंढाल तिराहे से एकता दौड़ का शुभारंभ हुआ, जिसका थाना परिसर पर पहुंचकर समापन हुआ। थाना प्रभारी हीमपुर दीपा जय भगवान के नेतृत्व में थाने के सभी पुलिसकर्मी, अंडर ट्रेनिंग, प्रशिक्षु पुलिस के जवान, दयानंद जनता इंटर कॉलेज हीमपुर दीपा के अध्यापक, छात्र–छात्रा, सामाजिक व जनप्रतिनिधि और हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग कर राष्ट्रीय एकता और अखंडता की अलख जगाई। नेशनल धावक सना ने भी राष्ट्रीय कार्यक्रम में दौड़ लगाई। थाना प्रभारी जय भगवान ने अपने संबोधन में कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए जो योगदान दिया है, वह हमेशा प्रेरणा स्त्रोत रहेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक कर्मवीर सिंह तालान, उपनिरीक्षक मुकेश कुमार के अलावा पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. राजवीर सिंह, मा. विजेंद्र सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश कुमार प्रधान, वकील अहमद, पप्पू प्रधान, इरशाद अहमद, शोएब अहमद आदि मौजूद रहे।



# आर.एस.एम. कॉलेज में हुआ यूनिटी मार्च का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** आरएसएम कॉलेज में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्काउट गाइड के संयुक्त तत्वावधान में यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्या प्रो. रश्मि एस. रावल ने कहा कि सरदार पटेल ने 565 रियासतों को नव स्वतंत्र भारत में एकीकृत करने में अविस्मरणीय योगदान दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव डॉ. एस.के. राजपूत ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की एवं उनके जीवन से प्रेरणा लेने की सीख दी।

यूनिटी मार्च के दौरान छात्रों ने हाथों में तख्तियां लेकर सरदार पटेल के जीवन और उनके योगदान के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर फोरेस्ट रेंजर्स शशांक गुप्ता ने भी महाविद्यालय



रन फॉर यूनिटी में शामिल छात्र।

पहुंचकर एकता दौड़ में भाग लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ द्वारा नमिता नोडल अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने का उद्देश्य देश के लोगों में एकता और अखंडता की भावना को मजबूत करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमेधा चौहान ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में स्पर्धा रानी ने प्रथम, भूमिकांशी ने द्वितीय एवं चन्द्रशेखर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. विनय दुआ, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. सुमेधा चौहान रहे। कार्यक्रम में प्रो. एस.एल. पाल, प्रो. अलका राय, प्रो. रमाकान्त, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. ओ.पी. मौर्य, डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, डॉ. आदित्य कुमार, गोपाल कृष्ण तिवारी, देवेश पाठक, डॉ.अंकित कुमार, डॉ. आकाश, डॉ. अनिल कुमार, श्रीमती दीपा रानी उपस्थित रहे।

# एसबीडी में एकता दिवस के रूप में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती



**धामपुर ( चिंगारी )।** लोह पुरुष भारत रत्न देश के पूर्व गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल 150वीं जयंती एसबीडी महिला महाविद्यालय में एकता दिवस के रूप में मनायी गई। इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा गीत, कविता भाषण आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। महाविद्यालय की एनसीसी व राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने क्रीड़ा मैदान में रन फॉर यूनिटी को प्रेरित करने वाली परेड कराई तथा मानव श्रृंखला बनाकर एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में योजना अधिकारी श्रीमती नीलम पाल, डॉ. पायल शर्मा के अलावा छात्रा कुमारी बजीहा, कुमारी इरम, कुमारी आफरीन तथा कुमारी अनुष्का ,कुमारी प्राची ,कुमारी प्रांजल, कुमारी वाजिया व मोनिका ने गीत कविता प्रस्तुत किये। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम चौहान ने बताया कि देश को सशक्त और आत्म निर्धन बनाने के लिए हमें पटेल जी के नारे राष्ट्रीय एकता संकल्प हमारा एक भारत श्रेष्ठ भारत को साकार करने का संकल्प लेना होगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कनक चौहान ने किया।

# लौहपुरुष की जयंती पर किया किसान चौपाल का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** देश के पूर्व गृहमंत्री, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर अराजनीतिक किसान चौपाल एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किसान महासभा के बैनर तले नगीना रोड स्थित वीर केसरी के प्लाट पर किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए किसान समाज के शैक्षिक, आर्थिक, सामाजिक ,पिछड़ेपन पर चर्चा की एवं उसके निदान और किसान समाज के उत्थान हेतु किसान महासभा के प्रण को दोहराया। किसान चौपाल को संबोधित करते हुए संयोजक एडवोकेट चौधरी प्रशांत कुमार सिंह ने गन्ना मूल्य में हुई 30 रुपए की बढ़ोतरी के लिए देश और प्रदेश के विभिन्न किसान संगठनों के संघर्षों को याद किया । इस अवसर पर किसानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। सुनील कुमार शर्मा एडवोकेट के संचालन में


सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पार्चन करते हुए नागरिक।

हुई किसान चौपाल में पंडित मदन मोहन मालवीय ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल शर्मा एडवोकेट, क्षेत्रीय बार एसोसिएशन अध्यक्ष रजनीश कुमार आर्य एडवोकेट, प्रमोद राठी, ठाकुर आदर्श चौहान, अली खान एडवोकेट, चौधरी राजीव सिंह, अवनीश शेखावत, कुणाल गांधी, दीपक कुमार, कमल चौहान, भुवनेश सिंह, खुर्शीद अंसारी, नीरज पोसवाल, दिलावर सिंह, नितिन राजवंशी, राधे सैनी, भूदेव सिंह आदि ने भाग लिया।

# शिव सैनिकों ने गंगा स्नान मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**धामपुर ( चिंगारी )।** शिव सेना यूबीटी के जिलाध्यक्ष चौ.संजय राणा के नेतृत्व में शिव सैनिकों ने कार्तिक माह की पूर्णिमा को अफजलगढ़ बैराज कालागढ़ में रामगंगा नदी के घाट पर आयोजित होने वाले गंगा स्नान पर्व की व्यवस्थाओं का जायजा लिया । गौरतलब है कि रामगंगा नदी के किनारे लगने वाला यह पर्व क्षेत्रवासियों की आस्था का केंद्र है। सिंचाई विभाग द्वारा अभी तक स्नान घाट पर सफाई नहीं कराई गई है । चौ.संजय राणा ने जिला प्रशासन से स्नान घाट की सफाई, जलस्तर सचेतक,शौचालय, महिलाओं के वस्त्र बदलने के लिए सुलभ व्यवस्था, चिकित्सीय सुविधा एवं शांति व्यवस्था हेतु पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने की मांग की है। इस दौरान शिवसेना जिलाध्यक्ष चौधरी संजय राणा, जिला महासचिव डॉ. सीपी सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य मनवीर सिंह यादव, तहसील अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह, महंत मोहित त्यागी जी, आदर्श सिंह, दिनेश कुमार, आसिफ, रेहान, राहुल कुमार, विपिन कुमार,साहिल आदि मौजूद रहे।


शिव सैनिकों ने लिया गंगा स्नान पर्व की व्यवस्थाओं का जायजा।

# रामठेरा मे न्याय पंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** अल्हैपुर विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय रामठेरा में न्याय पंचायत स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में दौड़, लंबी कूद, उंची कूद, खो खो आदि आयोजित की गई। इस अवसर पर सूफियान, जैद अली, विशांत, पलक, मयंक आदि विद्यार्थी विजयी रहे। खंड शिक्षा अधिकारी मुन्ना लाल त्रिवेदी ने बच्चों को पठन-पाठन के साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग करने को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता नीरज प्रताप सिंह ने विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर नरेश कुमार, चंचल चौहान, अवनीश कुमार, मोहित कुमार, राजीव कुमार, प्रीति ठाकुर, प्रिया, अर्वतिका राणा, ललित कुमार आदि मौजूद रहे।


बच्चों को स्मृति चिन्ह वितरित करते हुए नीरज प्रताप सिंह।

# मौसी को गांव छोड़कर लौट रहे छात्र की ट्रेन की चपेट में आकर मौत

**धामपुर ( चिंगारी )।** शुक्रवार की शाम 5 बजे जैतरा रेलवे फाटक के निकट मालगाड़ी की चपेट में आकर इंटरमीडिएट के एक छात्र की मौत हो गई। उसके पास से मिले मोबाइल से मृतक की पुष्टि गांव औरंग शाहपुर बनवारी उर्फ नया गांव निवासी आदित्य के रूप में हुई। सूचना पाकर परिजन जीआरपी चौकी पर पहुंचे और अपने बेटे के शव को पड़ा देख फूट-फूट कर रोने लगे। मृतक आदित्य कुमार के पिता धर्मवीर सिंह व मा शीतल देवी ने बताया कि उनका बेटा के एम इंटर कॉलेज में कक्षा 12 में पढ़ता है। कल वह अपनी मौसी को छोड़ने के लिए गांव चमरपुरी नींदडू गया था। वहां से लौटते समय जब वह जैतरा रेलवे क्रॉसिंग पार कर रहा था, तो रेलवे लाइन पर नगीना से मुरादाबाद की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया जिससे उसके सिर व शरीर में गंभीर चोटें और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

# बिजनौर गोल्डेन लायनेस क्लब मेन ने फण्ड रेजिंग कार्यक्रम किया

## फ्यूजन पेपर ज्वैलरी प्रतियोगिता भी कराई



**बिजनौर ( चिंगारी )।** गोल्डेन लायनेस क्लब मेन, बिजनौर की अध्यक्ष आशा अग्रवाल एवं सचिव विनीता रघुवंशी के संचालन में फण्ड रेजिंग कार्यक्रम हुआ, जिसमें पीडीसीपी अरुणा मित्तल एवं डि. मेंटोर रमा महरोत्रा उपस्थित थीं। मुख्य अतिथि के रूप में कमेटी चेयरपर्सन ऑफ फण्ड रेजिंग जी.एल. अर्चना राजपूत भी उपस्थित रहीं। सभी सदस्यों ने फण्ड रेजिंग में उत्साह से भाग लिया। प्रत्येक सदस्य ने 500 रुपये जमा कराये। 500 रुपये जमा कराने वाले प्रति सदस्य के नाम की पर्ची डालकर लॉटरी निकाली गयी, जिनमें प्रथम विजेता-राधा शर्मा, द्वितीय-डा. दीप्ति डीमरी, तृतीय-भूमिका राजपूत आई। सांत्वना पुरस्कार में रमा मेहरोत्रा प्रथम एवं अंशुल खेड़ा द्वितीय रहीं। सभी विजेताओं को पुरस्कार दिये गये।

इसके उपरांत फण्ड रेजिंग कमेटी चेयरपर्सन को गिफ्ट एवं कंगन देकर सम्मानित किया गया। डि. चेयरपर्सन जी. एल. अनुभा सिंघल के अभियान 'सशक्त महिला की पहचान' के तहत क्लब द्वारा श्रीमती सविता अग्रवाल को सम्मानित किया गया। बिजनौर में सविता अग्रवाल समाजसेवी कार्यों के लिये ख्यातिप्राप्त महिला हैं। उनके कार्यों में मुख्य रूप से गरीब कन्याओं को अनेक प्रकार की हस्तशिल्प सिलाई, कढ़ाई, वेस्ट पेपर से कलाकृति बनाना, प्लास्टिक से यूजफुल वस्तुएं बनाना, अस्पताल में भर्ती लोगों के तीमारदारों को भोजन उपलब्ध कराना, कोरोनाकाल में पीड़ित व्यक्तियों को स्वयं जाकर भोजन देना, ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को मास्क एवं नाश्ता देना इत्यादि कार्य अपने अग्रवाल सेवा संस्थान के जरिये कराये।

### सशक्त महिला को सम्मानित किया

इसके बाद फ्यूजन ज्वैलरी प्रतियोगिता हुई, जिसमें सदस्यों ने अचंभित करने वाले अपनी योग्यता का परिचय दिया। जिसमें प्रथम अंशुल खेड़ा, द्वितीय कल्पना त्यागी, तृतीय प्रभा सिंह एवं सांत्वना पुरस्कार रेखा अग्रवाल को प्राप्त हुआ। अध्यक्ष आशा अग्रवाल, सचिव विनीता रघुवंशी ने प्रोग्राम को सफल बनाने में कन्वीनर डा. नीता सिंह का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाली अधिकारी जोन चेयरपर्सन विनीता राजपूत के अलावा पूर्व अध्यक्ष मंजू सिंह, डा. प्रीति अग्रवाल, अनीता देवरा, कमलेश चौहान, बीना खन्ना, कल्पना त्यागी, अंशुल खेड़ा, राधा शर्मा इत्यादि बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध- डीएम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निदान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है और उनकी सभी शिकायतों का प्रभावी ढंग से निस्तारण कराया जाएगा।



उन्होंने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि पूर्व सैनिकों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं की अलग-अलग विभागवार सूची बनाकर उनको उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि सभी समस्याओं का गुणवत्तापरक ससमय निस्तारण किया जा सके। उन्होंने सभी पूर्व सैनिक शिकायतकर्ताओं की शिकायत को बहुत ही ध्यानपूर्वक सुना और सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए कहा गया। बैठक के दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं पूर्व सैनिक बन्धु मौजूद थे।

# घर में लगी आग, कॉलोनी में मची भागमभाग

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रामबाग कॉलोनी में एक घर में अचानक लगी आग से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। शुक्रवार को दोपहर रामबाग कॉलोनी निवासी नीरज शर्मा पुत्र सुरेशचंद शर्मा के मकान में घरेलू सामान में आग लग गई। सूचना पर एफएसएसओ बिजनौर के नेतृत्व में फायर यूनिट तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने तुरंत फायर टैंकर से होजरील फैलाकर आग बुझाने का अभियान शुरू किया। करीब आधे घंटे की मेहनत के बाद आग पर पूरी तरह से नियंत्रण पा लिया गया। फायर अधिकारियों के अनुसार, आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं, हालांकि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। फायर सर्विस टीम ने मौके का निरीक्षण कर मकान मालिक को सुरक्षा के आवश्यक निर्देश दिये।

# शहर के अन्दर, आतंक मचा रहे कुत्ते और बन्दर



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर में आवारा कुत्तों और शरारती बंदरों का आतंक है। शहर में कोई गली ऐसी नहीं होगी, जिसमें कुत्तों के झुंड न मिलें। इसी तरह सारे शहर में बंदरों ने आतंक मचा रखा है।

नगर पालिका वालों का कहना है कि कुत्तों को पकड़ते हैं तो पशु प्रेमी विरोध करते हैं। कई बार कुत्तों को पकड़कर शहर से दूर छोड़ा भी गया, मगर वे फिर लौट आते हैं। इसी तरह बंदरों को भी कई बार पकड़वाकर जंगल में छोड़ा गया, मगर पता नहीं कहां से फिर बंदरों की फौज शहर में आ धमकती है।

कुत्तों द्वारा काटे जाने की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। शहर की कुछ गलियों में कुत्तों का इतना आतंक है कि निकलना दूभर रहता है। खासकर बच्चों में कुत्तों का बहुत खौफ है। उधर, बंदरों का उत्पात बढ़ता जा रहा है। खाते कम, उजाड़ते ज्यादा हैं। छतों पर कपड़े सुखाना तक दूभर हो गया है। सारा दिन तारों पर झूलते रहते हैं, जिससे कभी लाइट गुल हो जाती है, तो कभी डिश बंद हो जाती है। सड़कों पर तार टूटे पड़े होने से दुर्घटना का भी डर रहता है। दुर्घटना हो भी जाती है। कुत्तों को डंडा मारकर खदेड़ा भी जा सकता है, मगर बंदरों पर किसी का जोर नहीं चल सकता।



फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है!

Hero

★नियम व शर्तें लागू

Good Life Gift Voucher

कविता मोटर्स

हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

किरतपुर रोड, बिजनौर

मोबाइल 9289922765, 8048243335

# पर्व चौधरी ने वेट लिफ्टिंग में छठा अंतर्राष्ट्रीय पदक जीता

**नहटौर ( चिंगारी )**। बहरीन में आयोजित तीसरी एशियन यूथ गेम्स में फुलसंदा निवासी वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी पर्व चौधरी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। पर्व चौधरी ने वेटलिफ्टिंग में छठा अंतराष्ट्रीय पदक प्राप्त किया।

वेटलिफ्टिंग अकादमी गिलाड़ी कोच करन सिंह ने बताया कि बहरीन में तीसरे एशियन यूथ गेम आयोजित हुए, जिसमें पर्व चौधरी ने अपने वर्गभार 94 किलो में 181 किलो वजन उठाकर कांस्य पदक प्राप्त किया। कोच करण सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चौधरी ने छठवां मेडल प्राप्त किया है। पर्व चौधरी की उपलब्धि पर राजेन्द्र सिंह, प्रशांत कुमार, सरपंच साहब, संजीव कुमार, पिता विकास चौधरी, खिलाड़ियों हिमांशु चांग, जसवंत सिंह आदि ने खुशी जताई है।





# गोल्डन बैल्स स्कूल में पुलिस ने रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया

**स्योहारा ( चिंगारी )**। ठाकुरद्वारा रोड स्थित गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल व पुलिस विभाग ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक सरदार गुरविंदर सिंह, निर्देशका तवलीन कौर, प्रधानाचार्य शेखर सिंह, सीनियर कोऑर्डिनेटर शिवम ठाकुर सहित थाना प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार, एसआई कुलवीर सिंह व पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। सभी हाउसों के छात्रों ने एकता दौड़ में भाग लेकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया। प्रधानाचार्य ने बताया कि 2014 से यह दिवस राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में दिवाकर, इंद्रपाल, सीमा, मयंक, ओमानंद, विनीत सहित सभी अध्यापक व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।






## होमगार्ड को दी भावभीनी विदाई

**स्योहारा ( चिंगारी )**। पुलिस विभाग में रहकर अपनी सेवाएं दे रहे होमगार्ड लोकेंद्र सिंह सेवानिवृत्त हो गये। उनके सम्मान में थाने में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। निरीक्षक अपराध दिनेश सिंह ने अंगवस्त्र पहनाया व अन्य पुलिसकर्मियों ने फूलमाला पहनाई और विभाग को दी सेवाओं के लिए धन्यवाद किया। इस दौरान उपनिरीक्षक हरिओम सिंह, लोकेश कोहली, छोटेलाल, राजेंद्र सिंह, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

# गंगा स्नान मेले पर बालावाली में रुकेंगी 3 जोड़ी अतिरिक्त ट्रेन

**चंदक ( चिंगारी )**। गंगा स्नान मेले के मद्देनजर उत्तर रेलवे ने बालावाली रेलवे स्टेशन पर तीन जोड़ी अतिरिक्त एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज किया है। यह ट्रेनें चार और पांच नवंबर को बालावाली स्टेशन पर रुकेंगी। गंगा स्नान मेले में आने-जाने वाले यात्रियों की सहूलियत को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। रेलवे सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 13151 व 13152 स्यालदह एक्सप्रेस, 15011 व 15012 इंटरसिटी सद्भावना एक्सप्रेस, 14113 व 14114 लिंक एक्सप्रेस का 2 दिन के लिए बालावाली में स्टॉपेज बहाल किया गया है।

## हवा भरते समय टायर का रिम फटा, हड़कम्प मचा

**किरतपुर ( चिंगारी )**। हवा भरते समय टायर का रिम फटने से अफरा-तफरी मच गई। किसी के हताहत न होने से लोगों ने राहत की सांस ली। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार मंडी समिति के बाहर मोहम्मद तबरेज की टायर पंचर की दुकान है। आज सुबह 10:30 बजे टायर में हवा भरते समय जोरदार धमाका हुआ, जिससे उसका रिम फट गया, जोरदार धमाका हुआ। रिम फटने पर ऊपर उछलकर बिजली के तारों में लगा, लोग समझ नहीं पाए की क्या हुआ और घटना स्थल की तरफ दौड़ लगा दी। पता चलने पर लोगों ने राहत की सांस ली। कोई हता हत नहीं हुआ। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी पुष्प देवी मौके पर पहुंची और पंचर वाले को सावधानी से काम करने की हिदायत दी










# 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** वालिया ग्लोबल एकेडमी में एक भारत श्रेष्ठ भारत सामाजिक-विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सामाजिक-विभाग द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत पर कोअर्डिनेटर रश्मि अवस्थी के निर्देशन में आयोजित भव्य प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विविधता व भारतीय परम्पराओं के प्रति जागरुकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि साहू जैन डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एलएस बिष्ट तथा कवि साहित्यकार इन्द्रदेव भारती, स्कूल प्रबंधक कमलकांत वालिया, श्रीमती इंदू वालिया, स्कूल चेयरमैन रमाकांत वालिया व श्रीमती रुचिका वालिया ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना कर उन्हें देश की विविध सांस्कृतिक धरोहर को जानने व सम्मानित करने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति पारंपरिक परिधान, भोजन, कला व हस्तशिल्प को प्रदर्शित किया। मॉडल, चार्ट नक्शे व झाकियां प्रदर्शनी के विशेष



प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथिगण।

आकर्षण रहे। प्रदर्शनी को अभिभावकों, अतिथियों व शिक्षकों से भरपूर प्रशंसा मिली। इस मौके पर वालिया ग्लोबल विद्यालय में अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम भी घोषित किया गया। विद्यार्थियों के परिणाम संतोषजनक रहे। अनेक विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किये।

प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता सिवाच ने विद्यार्थियों को उनकी मेहनत के लिए बधाई दी तथा विद्यार्थियों को एकता में अनेकता के सिद्धान्त को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। विज्ञान प्रदर्शनी में अध्यापिका तनिशा, कृतिका, खुश्बू, अंकिता, अध्यापक हार्दिक का पूर्ण सहयोग रहा।

# समाज के लोगों का अपमान करने वालों का बहिष्कार का निर्णय

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** उत्तराखंडवासियों की एक बैठक हिमालयन कॉलोनी में एमएस रावत के निवास पर पंडित जितेंद्र डबराल शास्त्री की अध्यक्षता एवं यशोधर डबराल के संचालन में आयोजित की गई। बैठक में उत्तराखंडवासियों ने एक धर्मशाला हेतु जमीन व मकान खरीदने पर जोर दिया, जिसमें अपने समाज के कार्यक्रमों व विकास से सम्बन्धित बैठकें सुविधापूर्वक सम्पन्न कर भावी पीढ़ी को धर्मशाला निर्माण से भरपूर लाभ मिल सके। सभी ने इस विषय पर पूर्ण रूप से तन-मन-धन से समर्थन व सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में समाज के प्रतिष्ठित लोगों को बाहरी बताकर नाम छपवाने, सांस्कृतिक प्रोग्राम के आय-व्यय का अब तक ब्यौरा न देने, अध्यक्ष के साथ दुर्व्यवहार करने वाले पति-पत्नी व उनकी टीम की कड़े शब्दों में निंदा की गई। समाज के वरिष्ठ नागरिकों का अपमान करने वालों का समाज के लोगो ने बहिष्कार करने का निर्णय लिया। बैठक में एमएस रावत, अमर सिंह नेगी, सुन्दरलाल, मोहन सिंह रावत, लक्ष्मी विलास, प्यारेलाल भट्ट, अनिल कण्डवाल, भगवती जुयाल, कान्ति ध्यानी, सुनीता डबराल, श्याम सिंह नेगी, डीएल अमोली, भास्कर डबराल, शिवप्रकाश कण्डवाल, हरीश भट्ट, रघुवीर सिंह, यशोदा, राकेश बहुगुणा, गिरधारी सिंह, राजेश दुदपुरी, जगदीश रावत, गणेश पंत, सोहन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# जाम की समस्या से निपटने के लिये एसडीएम ने कड़े निर्देश दिये

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। एसडीएम शैलेंद्र प्रताप सिंह ने नगर में अतिक्रमण व जाम की समस्या के समाधान के लिए बस यूनियन व ई-रिक्शा यूनियन की बैठक का आयोजन किया। बैठक में एसडीएम ने जाम से निपटने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये। एसडीएम ने अधिकारियों को शहर में अतिक्रमण को रोकने व किसी भी स्थान पर अवैध रूप से टैक्सी व बसें संचालित न होने देने के निर्देश दिये है। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि नगर के मुख्य बाजारों में दुकानदारों द्वारा अपना सामान दुकानों के बाहर सड़क पर रखकर अतिक्रमण बढ़ाने तथा शहर की हर गली-मौहल्ले में ई-रिक्शाओं के घुसने व रूट निर्धारित न होने से जाम की समस्या बनी रहती। नगरपालिका व प्रशासन द्वारा नगर में जब भी अतिक्रमण हटाया जाता है कुछ फड़ व ठेले वालों को हटाकर अपने कार्य की इतिश्री कर ली जाती है। जबकि समान रूप से थाने से रेलवे स्टेशन तक सभी दुकानदारों का अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है, जिससे शहर में हर समय जाम की समस्या बनी रहती है।**

# सिटी पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** सिटी पब्लिक स्कूल नजीबाबाद में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम मिशन शक्ति 5.0 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राहुल सिंह थाना प्रभारी नजीबाबाद, महिला हेड कांस्टेबल निर्वशी तथा कांस्टेबल प्रिया ने छात्राओं को सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के बारे में विस्तार से बताया कि महिलाएं व छात्राएं किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में (जैसे शोषण, दुर्व्यवहार, अपशब्द, इत्यादि) किस प्रकार पुलिस द्वारा समय पर सहायता प्राप्त कर सकती हैं एवं अपने आपको सुरक्षित अनुभव कर सकती हैं। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बच्चों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्हें आईटी एक्ट एवं साइबर क्राइम के बारे में भी



विस्तार से बताया। इस अवसर पर प्रबंधक विनय कौशिक ने कहा कि हमें पुलिस को अपना मित्र समझ कर निसंकोच अपनी समस्याओं के बारे में बताना चाहिए। प्रधानाचार्य राजेंद्र शर्मा ने कहा कि कानून की उचित जानकारी ही हमें सुरक्षा एवं संरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण होती है अत: हमें कानून के प्रति जागरूक होना चाहिए। कार्यक्रम में गौतम, सारांश, मोनू, शोभित, कृष्ण कुमार, अमजद, प्रतिभा अग्रवाल, अमरीन मिर्जा, रीना, शबीना, नूतन, सुमन, ज्योति, संजना, शिवांगी, तपंशी, रूचि, नाहिद आदि का सहयोग रहा।

# लौह पुरुष की जयंती मनाई, एकता की शपथ दिलाई

**हल्दौर ( चिंगारी )।** हल्दौर ग्रुप ऑफ कॉलेज हल्दौर में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशक डॉ. अनुज कुमार ने पटेल जी के योगदान की याद दिलाते हुए कहा कि पटेल जी ने देश के लिए भारत को एक करने, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व करने और देश के शुरुआती विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने 562 रियासतों को भारतीय संघ में विलय करके देश की एकता सुनिश्चित की। जिसके कारण उन्हें भारत का 'बिस्मार्क' और 'लौह पुरुष' कहा जाता है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. योगेंद्र त्यागी ने बताया की पटेल जी का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाद गांव में एक



हल्दौर ग्रुप ऑफ कॉलेज हल्दौर



जी.एस.एन. इंटरनेशनल एकेडमी, हल्दौर

साधारण किसान परिवार में हुआ था। सरदार पटेल के जीवन से हमें नेतृत्व, एकता, दृढ़ संकल्प और देशभक्ति की सीख मिलती है।

जी.एस.एन. इंटरनेशनल एकेडमी, हल्दौर में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत सभी अध्यापकों ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रवक्ता नीता राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरदार पटेल ने देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर सच्चे अर्थों में अखंड भारत की नींव रखी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि हम सभी को एकता, सत्यनिष्ठा और राष्ट्रप्रेम के मार्ग पर चलना चाहिए। विद्यालय प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने कहा कि सरदार पटेल के आदर्श हमें यह सिखाते हैं कि राष्ट्र की एकता और अखंडता सर्वोपरि है।

# अमानगढ़ में जंगल सफारी चालू शुरुआत से पहले ही दिखा भालू

**अफ़जलगढ़ ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के तीसरे सबसे बड़े बाघ आरक्षित वन क्षेत्र अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में पर्यटकों के लिए नये सत्र की शुरुआत से पहले ही वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक सुखद खबर आई है। रिजर्व में भालू के देखे जाने से वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में खुशी और उत्साह का माहौल है।

वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर एआर रहमान ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में एक भालू मकोनिया/जीरो पॉइंट (पीली डैम) पर देखा गया है। यह दृश्य न केवल रोमांचक था, बल्कि वन क्षेत्र में वन्यजीवों की बढ़ती उपस्थिति का भी स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भालू का दिखना इस बात का संकेत है कि



अमानगढ़ में घूमता भालू।

अमानगढ़ टाइगर रिजर्व का पारिस्थितिक तंत्र स्वस्थ और संतुलित हो रहा है। उन्होंने बताया कि भालू का इस क्षेत्र में पाया जाना दर्शाता है कि वन में भोजन, पानी और आवास जैसी प्राकृतिक व्यवस्थाएं वन्यजीवों के अनुकूल हैं। इससे यह भी उम्मीद की जा रही है कि आने वाले सत्र में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी और उन्हें विविध वन्यजीवों को नज़दीक से देखने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने पर्यटकों से अपील की है कि वे जंगल में सफारी के दौरान वन्यजीवों से पर्याप्त दूरी बनाए रखें और उनके प्राकृतिक वातावरण में किसी प्रकार की बाधा न पहुंचाएं। भालू के देखे जाने की यह घटना अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के लिए निश्चित रूप से वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में सकारात्मक संकेत है। इससे पूर्व भालू अमानगढ़ टाइगर रिजर्व की सीमा से लगे कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की झिरना रेंज में देखा जाता रहा है।

# बिजनौर में गुप्ता जी की चक्की के पास, महिला की चेन झटक ले गये दो बदमाश

**बिजनौर ( चिंगारी )।** चेन स्नेचर्स ने एक बार फिर शहर में अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। आज दोपहर लगभग पौने दो बजे सफेद रंग की अपाची मोटर साइकिल पर सवार दो बदमाशों ने एक महिला के गले से चेन झटक ली और फरार हो गये। घटना से हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। चेन स्नेचर्स को दबोचने के लिये पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिये हैं।

जानकारी के मुताबिक बैराज रोड स्थित सिंचाई कालोनी की निवासी श्रीमती अर्चना पत्नी स्व. केहर सिंह आज दोपहर बुखारा से दवाई लेकर नई बस्ती से होते हुए वापस जा रही थी कि गुप्ता जी की चक्की के ठीक सामने बाइक पर सवार दो युवकों में से एक ने महिला के गले से चेन खींची और बाइक से दोनों फरार हो गये। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला से पूछताछ की। घटना से मोहल्ले में सनसनी फैल गई। काफी दिन शांत रहने के बाद चेन स्नेचर्स फिर से सक्रिय हुए हैं।



# सेवानिवृत्त हुए उर्दू अनुवादक फुरकान थाने वालों ने विदा किया ससम्मान



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बिजनौर व अमरोहा जनपद के कई अलग-अलग थानों में उर्दू अनुवादक के पद पर नियुक्त रहे मौ. फुरकान अंसारी 30 साल से अधिक की सर्विस के बाद थाना रेहड़ में रहते सरकारी सेवाओं से निवृत हो गए हैं। शुक्रवार की प्रात: थाना रेहड़ में उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई। विदाई पार्टी के दौरान नवागत थानाध्यक्ष रेहड़ विजेंद्र सिंह राठी, उपनिरीक्षकों बलवीर सिंह, भीम सिंह, सोनू कुमार, राघवेंद्र सिंह सहित अनेक पुलिसकर्मियों एवं अन्य लोगों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। एचसीएम इंटर कॉलेज कासमपुर गढ़ी के प्रधानाचार्य रहे इकबाल अहमद के पुत्र मौ. फुरकान अंसारी 7 जून 1995 को उर्दू अनुवादक के पद पर सरकारी सेवा में पुलिस विभाग में नियुक्त हुए थे, जहां उन्होंने बिजनौर व अमरोहा जिले के कई थानों में अपनी सेवाएं दीं। मूल रूप से जनपद के कस्बा झालू निवासी मौ. फुरकान वर्तमान में जनपद मुख्यालय बिजनौर में स्थायी तौर पर निवास करते हैं।

# पति दे रहा जबरन उठा ले जाने की धमकी

## पत्नी ने एफआईआर दर्ज कराई

**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र स्योहारा के गांव बसेड़ा खादर निवासी विवाहिता पूजा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब पांच वर्ष पूर्व क्षेत्र के गांव मोरना निवासी हिमांशु पुत्र अरविंद कुमार के साथ हुई थी। शादी में उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थय के अनुसार दहेज़ भी दिया था, लेकिन उसकी ससुराल वाले उक्त दहेज़ से खुश नहीं थे तथा अतिरिक्त दहेज़ की मांग करते हुए उसका शारिरिक व मानसिक उत्पीड़न करते रहते थे। महिला का आरोप है कि उसका पति व ससुर जब घर से बाहर जाते थे तो उसे कमरे में बंद करके जाते थे। कई बार पुलिस की मदद से घर से बाहर निकली हूं। पीड़िता का आरोप है कि वह करीब दस माह से अपने मायके में रह रही थी। इस दौरान उसका पति उसे जबरन घर से उठाने की धमकी दे रहा है। महिला ने अपने पति से अपनी जान का खतरा बताते हुए पुलिस से न्याय की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति हिमांशु व ससुर अरविंद के विरुद्ध दहेज़ उत्पीड़न का मामला दर्ज किया है।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया, आरोपी को हुई 10 साल की सज़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पोक्सो कोर्ट के अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश प्रकाशचंद्र शुक्ला ने किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में हल्दौर क्षेत्र के उज्जवल देशवाल को दोषी पाकर 10 वर्ष की सजा सुनायी है। अदालत ने दोषी पर पचास हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। एडीजीसी योगेंद्र सिंह ने बताया कि हल्दौर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया गया था कि उसकी नाबालिग लड़की क्षेत्र में ट्यूशन पढ़ती है। ग्राम सफीपुर हीरा का उज्जवल देशवाल पुत्र सुनील कुमार भी पीड़िता के साथ ट्यूशन पढ़ता था। 14 फरवरी 2023 को आरोपी उसकी नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया। आरोपी के रिश्तेदारों ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर पीड़िता को उसके साथ कमरे में बंद कर दिया। आरोपी ने पीड़िता के साथ जबरन दुष्कर्म किया। जब पीड़िता रोने लगी, तो आरोपी के रिश्तेदारों ने पीड़िता को समझाया कि हम तेरी शादी उज्जवल से करा देंगे। इसके बाद उज्वल ने पीड़िता के साथ कई बार दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता ने उसकी उदासी का कारण पूछा तो पीड़िता ने सारी बातें अपने पिता को बता दीं। कोई कार्रवाई करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए पीड़िता के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान कर आरोपी को जेल भेज दिया और कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। सुनवाई के दौरान पेश सबूतों के आधार पर अदालत ने उज्जवल देशवाल को दोषी पाकर सजा सुनाई है।

# गुलदार का ख़तरा है बरक़रार मेले में पिंजरे भी लगेंगे इस बार

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** बृहस्पतिवार की शाम उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह ने गंगा के रेतीले तट पर स्थित मेला स्थल का निरीक्षण किया। एसडीएम ने प्रशासन की ओर से भी आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने मोबाइल टॉयलेट उपलब्ध कराने, गुलदार के खतरे को देखते हुए वन विभाग की अस्थायी चौकी स्थापित कराने की बात कही है। उन्होंने बताया कि मेला स्थल के पास 5 पिंजरे लगाये जायेंगे तथा वनकर्मी वहां लगातार गश्त करेंगे। मेला स्थल के सामने गंगा में पानी की गहराई का भी जायजा लिया। उपजिलाधिकारी ने मेला समिति को अधिक गहरे पानी के सामने लाल झंडियां तथा खतरे की सूचना के बोर्ड लगाने के निर्देश दिये। इसके अलावा स्नान घाटों पर बैरिकेडिंग कराने के भी निर्देश दिये।



गंगा के तट पर मेला स्थल का निरीक्षण करते एसडीएम एवं ब्लॉक प्रमुख

ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि लगातार जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर चलाकर रास्तों को ठीक कराया जा रहा है। अधिक रेत वाली कुछ जगहों पर बींडा डाला जा चुका है, जबकि कुछ स्थानों पर आजकल में डाल दिया जायेगा। पेयजल, प्रकाश, कैम्प आदि की व्यवस्था हेतु ठेके दे दिये गये हैं। नायब तहसीलदार अमित कुमार, थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक, वीरेन्द्र शर्मा, राहुल हुड्डा, लेखपाल सत्यनारायण, वन दरोगा सार्थक सिंह व पीयूष कुमार, वन रक्षक मौ. इरफान खान, गौतम कुमार, निखिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# अयोध्या से आये जनजागरण रथ का जैन समाज ने किया भव्य स्वागत

**किरतपुर (चिंगारी)।** परम पूजनीय ज्ञानमती माता जी का आशीर्वाद एवं प्रेरणा लेकर 11 जुलाई 23 से अयोध्या से चला जनजागरण रथ देश में भ्रमण करता हुआ शुक्रवार को नगर किरतपुर में प्रवेश हुआ, जिसका जैन समाज द्वारा बस स्टैंड पर बैंडबाजे से भव्य स्वागत किया गया। रथ को बैंडबाजे से आदिनाथ मंदिर पर लाया गया। मंदिर के सभागार में आगंतुकों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। उसके पश्चात रथ के साथ चल रहे पंडित अकलंक द्वारा रथ भ्रमण के उद्देश्य के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जैन धर्म के शाश्वत तीर्थ अयोध्या के बारे में विश्व पटल पर यह बताना है कि जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभ देव का जन्म करोड़ों वर्ष पूर्व शाश्वत तीर्थ अयोध्या में हुआ था। जैन धर्म के दो शाश्वत तीर्थ हैं एक अयोध्या, दूसरा श्री सम्मेद शिखर जी। अयोध्या भूमि हमेशा से ही पूजनीय रही है। भगवान ऋषभ देव के पुत्र भरत के नाम पर ही हमारे देश का नाम भारत पड़ा है। कुछ लोगों में भ्रांति है कि



भगवान महावीर जैन धर्म के संस्थापक हैं। जैन धर्म सृष्टि के प्रारंभ से ही हैं। इस अवसर पर अकलंक जैन की प्रेरणा से तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के उद्धार हेतु जैन बंधुओं ने धन राशि भेंट की। सभा के बाद रथ का विधिवत पूजन कर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। रथ में अनिल जैन सपत्नीक सौधर्म इन्द्र, संजय जैन, बबीता जैन धन कुबेर, सुनील जैन, शालिनी जैन, नीरज जैन, बबीता जैन, गौरव जैन, नैन्सी जैन, इन्द्र के रुप में बैठे। रथयात्रा मंदिर से शुरू होकर बस स्टैंड होती हुई बैंकट हॉल पर समाप्त हुई। सुरेंद्र जैन, विपिन जैन, अरविंद जैन, राहुल जैन, निश्चल जैन, पारस जैन, आकाश जैन, सानू जैन, तुषार जैन, प्रदीप जैन, यतेंद्र जैन, वैभव जैन, रोहित जैन, अभिषेक जैन, आयुष जैन, संजय जैन, उमा जैन, कल्पना जैन, सोनल जैन, प्रियंका जैन, सीमा जैन, शैली जैन, आभा जैन, दीप्ति जैन, आयुषी जैन, मंजू जैन, रीना जैन, अंजली जैन, रजनी जैन, कुमकुम जैन, स्नेह लता जैन, दीपक जैन, नेहा जैन, शशि जैन आदि ने रथयात्रा में भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। रथयात्रा के समापन पर आदिनाथ मंदिर प्रबंध समिति ने समाज एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग का आभार व्यक्त किया।

## नगर पालिका ने लौह पुरुष की जयंती मनाई, छात्राओं की दौड़ कराई

**हल्दौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी के आदेश से नगर पालिका परिषद हल्दौर द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सरदार पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें प्रमुख रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं के साथ नगर पालिका द्वारा एक



दौड़ (रन फॉर यूनिटी) का आयोजन किया गया। तदुपरांत राष्ट्रगान कर राष्ट्रीय एकता के लिए संकल्प की शपथ लेकर कार्यक्रम का समापन किया गया। अधिशासी अधिकारी श्रीमती सीमा वर्मा ने सरदार वल्लभभाई पटेल के देश के लिए विशेष योगदान की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश एवं समाज के उत्थान, एकता एवं अखंडता के लिए किए गए उनके कार्य अनुकरणीय हैं। इस कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी विद्यालय के स्टाफ के साथ-साथ नगर पालिका परिषद हल्दौर के अंकित कुमार, मौहम्मद नौशाद, तेजपाल सिंह, जितिन, राहुल, संजय आदि ने भाग लिया।

## छात्रा को बुर्का पहनाकर बाइक पर ले गया

### वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने हिरासत में लिया

**किरतपुर (चिंगारी)।** कक्षा 11 की स्कूल की छात्रा को बुर्का पहनाकर एक युवक के साथ बाइक पर जाने की वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। इस घटना से हिंदू संगठनों में रोष व्याप्त है।

मिली जानकारी के अनुसार वीडियो में कल सुबह 9:30 बजे स्थानीय बैंक ऑफ बड़ौदा के पास वाली गली में एक स्कूल की छात्रों को बुर्का देता दिखाई देता है। छात्रा अगली गली में बुर्का पहनकर दूसरी तरफ से गली में खड़े युवक के साथ जाती दिखाई दे रही है। वीडियो सामने आने पर हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के प्रदेश संगठन मंत्री अवधेश शर्मा व भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव थाना प्रभारी पुष्पा देवी से मिले और आवश्यक कार्रवाई की मांग की। समाचार लिखे जाने तक लड़का पुलिस हिरासत में था। कस्बा इंचार्ज दीपक का कहना है कि अभी लड़की पक्ष की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। जांच के बाद आवश्यक कार्वाई की जाएगी और लड़का, लड़की अलग-अलग सांप्रदायिक के होने के कारण हिंदूवादी संगठन कड़ी कार्रवाई करने की पुलिस से मांग कर रहे हैं। लड़का सुआहेड़ी का रहने वाला है।

## कार खेत में पलटी : बच्ची की मौत, दम्पति घायल

**चांदपुर (चिंगारी)। अनियंत्रित कार के खेत में पलट जाने से कार में सवार दम्पति गम्भीर रूप से घायल हो गये, जबकि उनकी एक वर्षीय पुत्री की मौत हो गई। अफजलगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ग्राम रसूलाबाद निवासी नरेन्द्र यादव मेरठ नगर निगम में कार्यरत हैं। शुक्रवार की देर शाम नरेन्द्र यादव अपनी पत्नी सोना यादव व एक वर्ष की बच्ची अनन्या के साथ कार से हस्तिनापुर होते**



फाइल फोटो

**हुए शादी में शामिल होने के लिए मुरादाबाद जा रहे थे। बताया जाता है कि चांदपुर-हस्तिनापुर मार्ग पर पांडव नगर पुलिस चौकी क्षेत्र में कार के अनियंत्रित होकर खेत में पलट जाने कार में सवार पति-पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गये। पुलिस व ग्रामीणों ने दम्पति को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटना में एक वर्षीय अनन्या की मौत हो गई।**

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## मन्नान ने किया ई-रिक्शा शोरूम का उद्घाटन



**किरतपुर (चिंगारी)।** नगर पालिका चेयरमैन अब्दुल्ल मन्नान ने आज मंडी समिति के सामने ई-रिक्शा शोरूम का उद्घाटन किया और इस अवसर पर कहा कि ई रिक्शा के चलने से सभी को बड़ा फायदा हुआ है। पहले कमजोर रिक्शा चालकों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब नगर में इंडिया ट्रेडर्स के खुलने से रिक्शा लेने वालों को बाहर जाकर लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर प्रदीप चौहान, मोहम्मद शादान, हमीद अब्बासी। शरीफ अहमद, पत्रकार दिलशाद अलवी, याकूब मलिक, गौतम सिंह, मुसेब सिद्दीकी और काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## ट्रक ने कार में टक्कर दी मार, घायल हुए जायरीन चार

**शेरकोट (चिंगारी)।** हाईवे पर खड़ी कार में अज्ञात ट्रक द्वारा पीछे से टक्कर मार दिये जाने से कार में सवार कलियर शरीफ से लौट चार जायरीन गम्भीर रूप से घायल हो गये। पुलिस द्वारा घायलों को उपचार हेतु सीएचसी धामपुर पहुंचाया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला बरेली के ग्राम रूड़की थाना बहेड़ी निवासी 47 वर्षीय नईम अहमद कल सुबह अपने पुत्र जुनैद (22 वर्ष) और भाई अलीम अहमद 42 वर्ष और साले किच्छा, रूद्रपुर निवासी मोईन (38 वर्ष) के साथ कार में कलियर शरीफ से अपने घर लौट रहे थे। हाईवे पर स्थित ग्राम भनौटी मोड़ के पास पहुंचने पर



इनकी कार खराब हो गई। इस दौरान तेज़ गति से आये एक ट्रक ने खड़ी कार में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी धामपुर पहुंचाया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त कार को थाने ले गये। कार सवारों के परिजनों ने बताया कि नईम अहमद, अलीम, जुनैद को बरेली व मोईन को रूद्रपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नईम की हालत गंभीर बताई जाती है। थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि सभी घायलों को उपचार हेतु सीएचसी भेजकर दुर्घटनाग्रस्त कार को हाईवे से हटवा दिया गया है। फिलहाल इस मामले में पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है।

# नहटौर पहुंचा तीर्थ प्रभावना रथ, जैन समाज ने किया स्वागत



**नहटौर (चिंगारी)।** भगवान ऋषभदेव जन्मभूमि अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ का नहटौर में स्वागत किया गया। इस अवसर पर बोली कार्यक्रम आयोजित हुई। जिसमें सौ धर्म इंद्र की बोली विवेक जैन, नीतू जैन द्वारा प्राप्त की गई।

शनिवार को श्री दिगंबर जैन मंदिर से भव्य श्री जी की रथ यात्रा आयोजित की गई, जिसमें सौधर्म इंद्र की बोली विवेक जैन नीतू जैन द्वारा प्राप्त की गई, जिन्होंने रथ पर श्रीजी का अभिषेक कर नमन किया। कुबेर के रूप में आदेश जैन, रीता जैन, दीप प्रज्वलित की बोली हेमा जैन, राजेश जैन द्वारा प्राप्त की गई। प्रथम पालना बोली अनुराग जैन, अंजु जैन द्वारा प्राप्त की गई। श्रीजी को नमन करने के उपरांत जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से रथ यात्रा प्रारंभ हुई, जो नगर के मुख्य बाजार से होती हुई रिलायंस पेट्रोल पंप पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालु श्रीजी का गुणगान करते हुए चल रहे थे। इस अवसर पर प्रबंधक राजीव कुमार जैन, शैलेंद्र कुमार शैलु जैन, श्रेयांश जैन, अल्का जैन, सौरभ जैन शुभम जैन, सिद्धांत जैन आदि उपस्थित रहें।

# सुबोध पाराशर भी गये बिहार कर रहे एनडीए का प्रचार



**नांगल सोती (चिंगारी)।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य सुबोध पाराशर भी बिहार के सिवान जिले में भाजपा तथा एनडीए के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिये जमकर प्रचार कर रहे हैं। सुबोध पाराशर ने बताया कि वे प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार बिहार के सिवान जिले में पहुंचे हैं। वहां वे भाजपा एवं एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में लोगों से मिल रहे हैं तथा नुक्कड़ सभायें कर रहे हैं। अब तक वे सिवान शहर से भाजपा प्रत्याशी, बिहार सरकार में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे, बड़हरिया विस क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी इन्द्रदेव सिंह पटेल के पक्ष में नुक्कड़ सभायें। चुनाव प्रचार कर चुके हैं। सुबोध पाराशर ने बताया कि सिवान जिले सहित पूरे बिहार में भाजपा, एनडीए के पक्ष में बयार बहती दिखाई दे रही है। बिहारवासी नीतीश सरकार से काफी खुश हैं। बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी।

# रोटरी क्लब ने स्कूल को दिये 11 ब्लैक बोर्ड




**धामपुर (चिंगारी)।** रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया धामपुर द्वारा कला निकेतन स्कूल ग्राम अमखेड़ा में उत्तम शिक्षा हेतु 11 बड़े ब्लैक बोर्ड प्रदान किये गये, जिससे ग्रामीण बच्चे सरलता एवं सुगमता से अध्ययन कर सके। इसके लिए स्कूल प्रबंधक द्वारा रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया धामपुर का आभार व्यक्त किया गया। स्कूल द्वारा क्लब के आग्रह पर एक इंटरेक्ट क्लब खोलने का भी आश्वासन दिया गया। प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए प्रोजेक्ट अध्यक्ष संदीप चौहान, क्लब अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, सचिव गगनदीप चावला, डॉ. आदित्य अग्रवाल, डॉ. पुलकित महेश्वरी, शिवेंद्र अग्रवाल, डॉ. विकास अग्रवाल, गुरदीप चावला, पूर्व अध्यक्ष विपिन मिश्रा का सहयोग रहा।

# नशा मुक्ति केंद्र की छत से गिरकर युवक की मौत, हत्या का आरोप

**केंद्र पर हुआ हंगामा, कई नशेड़ी गेट तोड़ कर भागे ✦ केन्द्र के संचालक व स्टाफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

**बिजनौर (चिंगारी)।** यहां नगीना चक्कर चौराहे के पास स्थित नशा मुक्ति केंद्र की छत से कल देर शाम एक युवक की गिर कर मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने नशा मुक्ति केन्द्र पर हंगामा करते हुए हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक व कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। हंगामें के दौरान नशा मुक्ति केन्द्र में मौजूद कई और युवक गेट तोड़ कर भाग गए।

शुक्रवार की देर शाम उक्त जीवन रक्षक नशा मुक्ति आश्रम एवं वृद्ध आश्रम की छत से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। उसकी की शिनाख्त 21 वर्षीय प्रीत पुत्र सत्येंद्र निवासी ग्राम धारूवाला, थाना बिजनौर के रूप में हुई। प्रीत के पिता सतेन्द्र कुमार का कहना है कि उसने अपने पुत्र प्रीत को मार्च 2025 में उक्त नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। व प्रतिमाह नशा मुक्ति केन्द्र में खर्च जमा कराता था। सतेन्द्र का आरोप है कि प्रीत के साथ नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक एवं स्टॉफ ने बेरहमी से मारपीट की है, जिससे उसकी मौत हो गई। प्रीत के मरने के बाद उसके परिजनों को सूचना दी गई। बताया जाता है कि प्रीत ने शुक्रवार को अपने परिजनों से फोन पर बात करने की इच्छा जाहिर की थी, लेकिन नशा मुक्ति केंद्र के संचालकों ने उसकी फोन पर बात नहीं कराई। वह खिन्न होकर वह छत पर चला गया और छलांग लगा दी। छत से गिरने की वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक व स्टॉफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि युवक की मौत छत से गिरकर होना बताया जा रहा है। मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, कार्यवाही की जाएगी।



युवक की मौत पर विलाप करते परिजन।

# राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में पौड़ी की बालिका टीम उपविजेता बनी

**कोटद्वार (चिंगारी)।** 27 से 29 अक्टूबर तक ओंकारानंद इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, मुनिकी रेती, नरेंद्र नगर (टिहरी गढ़वाल) में आयोजित अंडर-14 से 19 आयु वर्ग बालिका राज्य स्तरीय विद्यालय कबड्डी क्रीड़ा प्रतियोगिता में पौड़ी जिले की बालिका टीम बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए उपविजेता रही। शुक्रवार को शारीरिक शिक्षक संजीव मोहन ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 13 जिलों की टीमों ने प्रतिभाग किया। पौड़ी जिले की अंडर-14 बालिका टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता, जबकि उधम सिंह नगर की टीम विजेता रही। पौड़ी टीम में नैनीडांडा, एकेश्वर, रिखणीखाल और यमकेश्वर ब्लॉकों की बालिकाओं ने दमदार खेल दिखाया। मौके पर पौड़ी की राइंका मासो की कुमारी दीपाली व कुमारी कोमल और रा.इ.का. पटोटिया नैनीडांडा की कुमारी श्रेया का चयन नेशनल ट्रायल हेतु हुआ, जो जिले के लिए गर्व का विषय है। कहा कि बालिकाओं ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और टीम भावना के बल पर यह उपलब्धि हासिल की, जिसके लिए वे बधाई की पात्र हैं।

चिंगारी
ऋषिकेश-लक्ष्मणझूला में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें-
राजेश शर्मा
मो. 9411361854

# बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई, रन फॉर यूनिटी दौड़ कराई

**जसपुर (चिंगारी)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती यहां हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर कोतवाली जसपुर द्वारा पुलिस स्टाफ, फायर ब्रिगेड स्टाफ, रिटायर्ड कर्मियों, स्कूली छात्रों एवं स्थानीय लोगों के साथ रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार सुबह सुभाष चौक पर एकत्रित हुए लोगों ने रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लिया। रैली का शुभारंभ सेवानिवृत सीओ ध्यान सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में फेज-ए-आम इण्टर कॉलेज, पूर्णानन्द इण्टर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स शामिल हुये। रैली सुभाष चौक से शुरू होकर मुख्य मार्ग से होते हुए ठाकुरद्वारा बस स्टैंड तक पहुंची। कार्यक्रम के बाद कोतवाली पुलिस ने जीजीआईसी स्कूल में सरदार वल्लभ भाई पटेल विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया, जिसमें स्कूल की 50 छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। निबंध प्रतियोगिता में इशिका ने प्रथम, ज़िया ने द्वितीय एवं स्नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**निबंध प्रतियोगिता भी हुई**



# देश का हो रहा बंटाधार, जनता की आस्था का लाभ उठा रही भाजपा सरकार - का. डीपी सिंह

## नांगल में हुआ किसान सभा का जिला सम्मेलन


सम्मेलन में मौजूद किसान।


सम्मेलन को सम्बोधित करते किसान नेता डी.पी. सिंह।

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय किसान सभा जनपद बिजनौर के जिला सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए किसान नेता डी.पी. सिंह ने कहा कि भाजपा सरकारों की नीतियों से फसलों की लागत तो बढ़ी है, मगर किसानों को उसके सापेक्ष दाम नहीं मिले, इससे किसानों की आत्महत्यायें बढ़ी हैं।

अखिल भारतीय किसान सभा की बिजनौर इकाई के जिला सम्मेलन का आयोजन नांगल सोती के वीके फार्म हाउस में किया गया। मुख्य अतिथि, किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं केन्द्रीय कमेटी के सदस्य डी.पी. सिंह ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों की आत्महत्यायें तो नहीं रोक पाई, मगर उसने हकीकत छिपाने को आंकड़े देने बंद कर दिये। नरेन्द्र मोदी को हिन्दू हृदय सम्राट बताया जाता है। देश में 80 फीसदी हिंदू हैं, तो खेती में घाटा भी हिन्दू का ही ज्यादा हुआ है। हिन्दू, हिन्दू करके नरेन्द्र मोदी ने बढ़े हुए टैक्स (जीएसटी) का भी जनता से आधी रात को जश्न मनवा दिया।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकारें जनता की आस्था का लाभ उठा रही हैं। ये सरकारें बिजली का निजीकरण कर रही हैं, भूगर्भ जल बेच रही हैं, बैंकों का विलय कर रही हैं। सारे बैंकों को खत्म करके देश में केवल 3 बैंक ही छोड़े जायेंगे। इस सरकार ने 3 कृषि कानून देश की खेती कम्पनियों को ठेके पर देने के लिये बनाये थे। अब खेती को भी डिजिटल करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। वरिष्ठ माकपा नेता का. रामपाल सिंह ने कहा कि सरकार की किसान विरोधी नीतियों से कृषि क्षेत्र पर संकट गहरा रहा है। सरकार की नीतियां खेती-किसानी को बर्बाद करने वाली हैं। कृषक राजपाल सिंह की अध्यक्षता तथा किसान सभा के जिला मंत्री फरीद अहमद के संचालन में आयोजित सम्मेलन में किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव, पर्यवेक्षक चन्द्रपाल सिंह, जिलाध्यक्ष अमर सिंह सैनी, माकपा के जिला मंत्री का. विजेन्द्र सिंह, हरपाल सिंह, राघव प्रताप एड., कावेन्द्र सिंह एड., आरव गुप्ता, संदीप कुमार, तौसीफुलहसन उर्फ लड्डन, विजय चौधरी, संतराम सिंह, उस्मान अहमद, इसरार अली, बदरुल हसन, शराफत हुसैन सहित सैकड़ों व्यक्ति मौजूद रहे।

### अब सरकार चुन रही वोटर

**किसान नेता डी.पी. सिंह ने एसआईआर पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले वोटर सरकार को चुनते थे, मगर अब सरकार वोटर चुन रही है। डरी हुई सरकार के द्वारा लोगों के वोट काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेती पर सरकारों द्वारा किये जा रहे हमलों से किसान सभा डटकर लड़ेगी।**

## 'रन फॉर यूनिटी' के तहत दौड़ लगाई राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** आजाद भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर कल सुबह 7 बजे 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत नांगल थाने के पुलिसकर्मी, रिजर्व पुलिस लाइंस से आये प्रशिक्षु पुलिसकर्मी, भाजपा नेता, स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज के शिक्षक, छात्र एवं छात्रायें थाने से लेकर नांगल-मंडावली मार्ग पर स्थित सराय आलम की नहर पुलिया तक दौड़े और फिर दौड़ते हुए वापस नांगल थाने पहुंचे। पूर्वाह्न साढ़े दस बजे थाना प्रांगण में पुलिसकर्मियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। प्रशस्ति पत्र भी वितरित किये गये। थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक, आरबीएस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजीव चौहान, खेल शिक्षक डॉ. श्याम सिंह वित्तेश, संजय कुमार सिंह, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधीर भुईयार, आर्य वीरेन्द्र शर्मा, कमल सिंह, उपनिरीक्षक सुनील कुमार पूनिया प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल सोती में भी सरदार पटेल जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। खेल शिक्षक बसंत यादव ने सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

## शेरकोट में हुई दौड़ प्रतियोगिता, हरेवली के गौरव ने प्रथम पुरस्कार जीता



**शेरकोट ( चिंगारी )।** सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर पुलिस द्वारा नगर में 2500 मीटर की रन फॉर यूनिटी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

सुबह थाने से आरंभ हुई दौड़ हरेवली रोड पर स्थित पुल पर पहुंचकर समाप्त हुई, जिसमें कई विद्यालयों के छात्रों सहित, पुलिसकर्मियों व संभ्रांत व्यक्तियों ने भाग लिया। दौड़ में प्रथम स्थान गौरव पुत्र सुरेंद्र सिंह (सावित्रीबाई फुले इंटर कॉलेज हरेवली) निवासी ग्राम आफसाबाद चमन, द्वितीय स्थान सतीश पुत्र भानी सिंह (रामगंगा इंटर कॉलेज हरेवली) निवासी ग्राम आराजी कंदला, तृतीय स्थान निशांत पुत्र करतार सिंह (सावित्रीबाई फुले इंटर कॉलेज हरेवली) निवासी ग्राम आफसाबाद चमन ने प्राप्त किया। तीनों विजेताओं को थाना प्रांगण में थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरदार बल्लभ भाई पटेल जी को थाना प्रांगण में चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि भी दी गई।

## कॉलेज में पटेल की जयंती मनाई रन फॉर यूनिटी परेड कराई

**नहटौर ( चिंगारी )।** नहटौर डिग्री (पीजी) कालेज, नहटौर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. संजीव गौड़ द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने आजादी के बाद देश को एक करने में बेहद महत्वपूर्ण योगदान दिया था, जिन्हें भारत के भौगोलिक और राजनीतिक एकीकरण का श्रेय दिया जाता है। अपनी शानदार नेतृत्व क्षमता व कूटनीति से उन्होंने आजादी के बाद 560 से भी ज्यादा रियासतों को भारतीय संघ में मिलवाया था और देश के विभाजन को रोका था। महाविद्यालय में रन ऑफ यूनिटी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने परेड में भाग लिया। इस अवसर पर सीमा शर्मा, मोक्षपाल यादव, दुष्यन्त कुमार, यशपाल सिंह, संजीव राजपूत, पंकज शर्मा, आबिद हुसैन, विपिन सैनी, श्रीमती आराधना त्यागी, गुलअफ्शा आदि उपस्थित रहे।

## पीएनबी में रक्तदान शिविर लगाया

### वॉकाथन का भी किया आयोजन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** देशभर में मनाए जा रहे 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' के अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) द्वारा जनपद बिजनौर में जागरूकता से जुड़ी विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अवसर पर बैंक के बैराज रोड स्थित मंडल कार्यालय में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इसके साथ ही, 30 अक्टूबर 2025 को 'वॉकाथन' का भी आयोजन किया गया, जो बैराज रोड स्थित मंडल कार्यालय से शुरू होकर जजी कॉलोनी तक निकाला गया। वॉकाथन के दौरान बैंक कर्मियों ने सतर्कता, ईमानदारी और पारदर्शिता का संदेश देते हुए नागरिकों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक किया। मंडल प्रमुख अजीत कुमार पांडेय ने इस अवसर पर कहा कि 'सतर्कता केवल एक सप्ताह नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए। भ्रष्टाचारमुक्त समाज की दिशा में हर व्यक्ति को ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए।' कार्यक्रम में मंडल प्रमुख अजित कुमार पांडेय, ऋण केंद्र प्रभारी अखिलेंद्र प्रताप सिंह, उपमंडल प्रमुख भागीरथ चौहान, एलडीएम अखिल कुमार सिंह समेत बैंक के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धामपुर शुगर मिल के जीएम के घर पहुंची आयकर टीम

**धामपुर (चिंगारी)।** बुधवार से धामपुर शुगर मिल में आयकर विभाग द्वारा की जा रही जांच शुक्रवार की दोपहर धामपुर शुगर मिल परिसर से बाहर निकलकर मिल के जनरल मैनेजर (फाइनेंस) विकास अग्रवाल के धामपुर जंक्शन कॉलोनी स्थित आवास तक जा पहुंची।

शुक्रवार को आयकर विभाग की टीम दो लग्जरी गाड़ियों में सवार होकर धामपुर जंक्शन कॉलोनी पहुंची और जीएम विकास अग्रवाल को अपने साथ लेकर उनके आवास के अंदर प्रवेश किया। वहां लगभग 10 मिनट तक चली इस कार्रवाई के दौरान विभागीय अधिकारियों ने घर से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और फाइलें बरामद कीं बताते हैं। कार्रवाई पूरी होने के बाद अधिकारी विकास अग्रवाल को अपने साथ लेकर फिर से धामपुर शुगर मिल परिसर में लौट गए।



धामपुर जंक्शन कॉलोनी में एंट्री करती आयकर विभाग की टीम।

बुधवार सुबह 6 बजे से शुरू हुई इस छापेमारी के बाद से आयकर विभाग ने मिल के सभी शीर्ष अधिकारियों को अपने नियंत्रण में रखा हुआ है। सीआईएसएफ के जवान मिल परिसर में हर ओर तैनात हैं। आयकर विभाग की इस कार्रवाई को उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी आयकर छापेमारी में से एक माना जा रहा है, जो लगातार चार दिन से चल रही है और इसकी चर्चा दूर-दूर तक है। नगरवासी यह जानने को उत्सुक हैं कि आखिर धामपुर शुगर मिल की इतनी सख्त चैकिंग क्यों की जा रही है।

## किसानों की भरोसेमंद है धामपुर शुगर मिल

धामपुर शुगर मिल गन्ना किसानों के हितों की दृष्टि से सबसे भरोसेमंद मिलों में गिनी जाती है। गन्ना खरीदने के बाद समय पर भुगतान करने में धामपुर शुगर मिल का नाम अग्रणी रहा है। इसके साथ ही मिल प्रशासन द्वारा सामाजिक सरोकारों में भी सक्रिय योगदान दिया जाता रहा है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि यदि आयकर विभाग की इस कार्यवाही से किसी कारणवश धामपुर शुगर मिल पर संकट गहराता है, तो इसका सीधा असर धामपुर की व्यापारिक गतिविधियों पर पड़ेगा। उधर, पेराई सत्र शुरू होने में विलंब होने की आशंका को देखते हुए क्षेत्र के किसानों में भी चिंता है। उनका कहना है मिल पर यह कार्यवाई गलत समय पर की जा रही हे।

## इंदिरा गांधी के बलिदान दिवस पर उन्हें याद किया गया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर कांग्रेस कमेटी नजीबाबाद द्वारा नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी के निवास पर भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी के बलिदान



दिवस व सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर दोनों महापुरुषों को याद करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी ने कहा कि दोनों महापुरुषों ने देश को बुलंदियों पर पहुंचाया तथा बहुमुखी विकास कार्य कराये जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी ने कहा सरदार पटेल ने महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह, भारत छोड़ो आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाई। नदीम फारूकी ने कहा इंदिरा गांधी देश के लिए शहीद हो गई। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता नईमुल अख्तर, महमूद कुरैशी, डॉक्टर इकबाल खान, डॉक्टर सलीम सैफी, शराफत चौधरी, सिताब खान, नगर सचिव शहबाज मुल्तानी, शाहनवाज मंसूरी, परवेज खान आदि मौजूद रहे।

## राजपुर नवादा में दुष्यंत त्यागी स्मृति आडिटोरियम का निर्माण शुरू

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। दुष्यंत त्यागी स्मृति आडिटोरियम का निर्माण प्रारंभ हो गया है। 5.63 करोड़ से राजपुर नवादा में मल्टी पर्पस हाल एवं आडिटोरियम बनेगा। हिंदी गजल के प्रणेता महान कवि दुष्यंत कुमार की स्मृति में बनने वाले संग्रहालय के लिए सरकार ने 5.63 करोड रुपए ऑडिटोरियम व पुस्तकालय निर्माण करने के लिए निर्धारित किये हैं।

**सरकार ने 5.63 करोड रुपए का बजट स्वीकृत किया था**

ग्राम राजपुर नवादा में हिंदी गजल के जनक महान कवि व साहित्यकार दुष्यंत त्यागी की पैतृक हवेली अब गुलजार होने वाली है। उनके पुत्रों आलोक त्यागी व अपूर्व त्यागी ने अपने पिता की पुश्तैनी हवेली का बैनामा उत्तर प्रदेश सरकार के नाम कर दिया था। एमएलसी अश्वनी त्यागी के प्रयास से उत्तर प्रदेश सरकार ने साहित्यकार दुष्यंत त्यागी की स्मृति में उनकी हवेली व फील्ड की भूमि पर आडिटोरियम संग्रहालय निर्माण के लिए 5.63 करोड़ का बजट स्वीकृत किया था। लेकिन लंबे समय तक निर्माण कार्य शुरू ना होने से परिवार व ग्रामीणों में निराशा छा गई थी। लेकिन अब ठेकेदार ने जेसीबी मौके पर ले जाकर प्रस्तावित भूमि को समतल कराना प्रारंभ कर दिया है। शुरुआत के लिए दुष्यंत त्यागी के घर के सामने पड़े उनके फील्ड पर साफ सफाई का काम शुरू कराया गया है। ठेकेदार ने मौके पर उपस्थित लोगों व आलोक त्यागी को बताया है कि दुष्यंत कुमार की स्मृति मे बनने वाले इस प्रोजेक्ट का यूपी प्रोजेक्ट मुरादाबाद को ठेका मिला है। दुष्यंत त्यागी की पुण्यतिथि 30 दिसंबर से पहले इसका शिलान्यास किया जाना है। इसका शुभारंभ करने संस्कृति मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार जयबीर सिंह आएंगे। इस लिए साफ सफाई एवं चार दिवारी किया जाना प्रस्तावित है। इस मौके पर ग्रामीण आलोक त्यागी, मोनू त्यागी, सुमित त्यागी, मुकुल, अनुज, चरण सिंह, दीपक भूपेंद्र आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## नशेड़ी युवक ने बच्ची को बाग में पकड़ लिया

बिजनौर (चिंगारी)। शहर में असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद होने लगे हैं। कल दोपहर एक युवक ने 13 साल की एक बच्ची को जैन फार्म के बाग में पकड़ लिया और उसके साथ छेड़खानी की। बच्ची के चिल्लाने पर लोगों ने युवक को थाम लिया और उसकी जमकर ठुकाई की। आरोपी अयान ग्राम आदोपुर का रहने वाला है। पुलिस ने लड़की की तहरीर के आधार पर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हुआ यूं कि 13 साल की लड़की अपने पिता को खाना देकर जैन फार्म के रास्ते से पैदल लौट रही थी। वहां युवक ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। लड़की के शोर मचाने पर लोगों ने उसे युवक के चंगुल से बचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लड़का नशे में था। मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे अच्छा सबक सिखाया और बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर अयान का चालान कर दिया। बता दें कि शहर में छेड़खानी की घटनाएं बढ़ रही हैं। खासकर तंग गलियों में ऐसी घटनाएं हो रही हैं। कोचिंग सेंटरों के आसपास भी मनचलों का जमावड़ा लगा रहता है।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन से अवगत कराया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के विद्या भारती द्वारा संचालित निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज कोटद्वार मार्ग पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती मनायी गयी। प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रधानाचार्य एवं आचार्य बन्धु-बहिनों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन किया। आचार्या फूलमाला वर्मा ने भैया-बहिनों को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन परिचय से अवगत कराया। आचार्य संजय सिंह ने भैया-बहिनों को बताया कि भारत के एकीकरण में सरदार वल्लभ भाई पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। आचार्य प्रमोद कुमार ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों के बारें में बताया। साथ ही सरदार वल्लभ भाई पटेल के गुजरात में स्थित स्टेच्यू ऑफ यूनिटी के बारें मे भी अवगत कराया। इस अवसर द्वन्द्व आचार्य पंकज शर्मा, आत्मस्वरूप शर्मा, गौरव कुमार,संजय शर्मा,नीरज कुमार,अनन्त कुमार,गोपेन्द्र सिंह, विवेक प्रताप,सोनू कुमार,संजीव कुमार,रजनी टाँक,मनु,पूनम रानी, अर्चना एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि व बल्लभ भाई पटेल का जन्मदिन मनाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। पीस मॉडल स्कूल साहनपुर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में एवं सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्मदिन एकता दिवस के रूप में मनाया गया। स्कूल के प्रबंधक एम. अकरम खान एड. ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए देश का नाम दुनिया में चमकाया है। उन्होंने देश की




इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यर्पण करते अकरम खां।

सेवा करते हुए अपने आप को बलिदान कर दिया। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं से उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। अकरम खान की अध्यक्षता एवं गोविंद सिंह कुशवाहा के संचालन में कार्यक्रम में बच्चों ने अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में निकिता रानी, कुमारी नीशु, नजरा परवीन, सना अंसारी, मोहम्मद इकबाल, मकसूद अहमद, अभिनव अग्रवाल आदि का विशेष योगदान रहा।

## सूचना

हमारा पुत्र मौ. अनस व पुत्रवधू अजीमा हमारे कहने-सुनने में नहीं है। आएदिन हमारे साथ गाली-गलौच व मारपीट करते हैं। इसलिए हमने अपने पुत्र मौ. अनस व उसकी पत्नी अजीमा को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का इन दोनों से किसी प्रकार का संबंध नहीं रहा है। उनके किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**-आमिर हसन पुत्र तुफैल अहमद व तसलीमा पत्नी आमिर हसन, निवासीगण मौ. कचहरी सराय, जलालाबाद, नजीबाबाद (जिला बिजनौर)**

# 10 लाख की ऑन लाइन ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## ✦एक आरोपी जयपुर से किया गिरफ्तार ✦एसएसपी ने पुलिस टीम को दिये 5 हजार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** 'डिजिटल अरेस्ट' कर एक महिला से 10 लाख की ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर कोटद्वार पुलिस व साइबर सैल की संयुक्त टीम ने ठगी में संलिप्त एक आरोपी तनवीर अय्यूब कतार (50 वर्ष) को जयपुर (राजस्थान) से गिरफ्तार कर लिया है। घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पवार ने 5000 रु. का नगद इनाम देने की घोषणा की है

पुलिस उपाधीक्षक निहारिका सेमवाल ने बताया कि इसी वर्ष 13 जुलाई को सिताबपुर निवासी मंजू बाला ने कोटद्वार कोतवाली मे शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके फोन पर व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से एक व्यक्ति ने स्वयं को अभिषेक शेख बताते हुए कहा था कि वह एयरटेल कस्टमर सर्विस का अधिकारी है। उक्त व्यक्ति ने बताया आपका आधार कार्ड अवैध गतिविधि में लिप्त है इसलिए आपके खिलाफ कॉल बॉम्बिंग से



संबंधित मुकदमा दर्ज है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने शिकायत को गंभीरता लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन सिंह, पुलिस उपाधीक्षक निहारिका सेमवाल के पर्यवेक्षण तथा इंस्पेक्टर रमेश तनवार के नेतृत्व में विशेष टीम एवं साइबर सर्विलांस टीम गठित कर घटना का शीघ्र खुलासा करने निर्देश दिये। पुलिस टीम द्वारा विश्लेषण, कॉल डिटेल्स, बैंक ट्रांजक्शन की ट्रेसिंग तथा डिजिटल लोकेशन सर्विलांस के माध्यम से प्रकरण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां एकत्रित की गईं। पुलिस की मेहनत रंग लाई और इस गैंग का एक महत्वपूर्ण सदस्य तनवीर अय्यूब को पुलिस टीम ने राजस्थान से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक विनोद चपराणा, साइबर सेल के अपर उप निरीक्षक दीपक अरोड़ा, कांस्टेबल अमरजीत तथा अरविंद राय शामिल थे।

## श्रेया नेगी चुनी गईं वाणिज्य परिषद की अध्यक्ष

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय पीजी कॉलेज में वाणिज्य विभागीय परिषद का गठन किया गया। इस दौरान श्रेया नेगी को परिषद का अध्यक्ष चुना गया। शुक्रवार को कॉलेज प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग की डॉ. ऋचा जैन एवं प्रोफेसर प्रीति रानी ने कहा कि परिषद के गठन का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। तत्पश्चात परिषद का गठन करते हुए श्रेया नेगी को अध्यक्ष, जिक्रा सैफी को उपाध्यक्ष, रामगोपाल सिंह को सचिव, हिमांशु को सहसचिव व रोहन राणा को कोषाध्यक्ष चुना गया। मोहम्मद मुदस्सिर, प्रेरणा रौथाण, साक्षी नेगी व अक्षिता भट्ट को परिषद का सदस्य बनाया गया।

# भाजपाइयों ने मनाई सरदार पटेल की 150वीं जयंती

## एकता दौड़ के विजेताओं सहित प्रशिक्षक एवं शिक्षक सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार में भारतीय जनता पार्टी और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा शुक्रवार को भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय, देवी मन्दिर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ लैंसडौन विधायक महंत दिलीप रावत ने राष्ट्रध्वज फहराकर किया। तदुपरांत बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर महापौर शैलेन्द्र रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष राज गौरव नौटियाल, दर्जा मंत्री ऋषि कंडवाल, एएसपी चन्द्र मोहन सिंह, सीओ निहारिका सेमवाल सहित गणमान्य अतिथियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया। तत्पश्चात राजकीय प्रेक्षागृह में कार्यक्रम और एकता दौड़ के विजेताओं के लिए पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल ने कहा कि लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने वाले ऐसे युगपुरुष थे जिन्होंने अपने अदम्य साहस और दृढ़ निष्ठा से देश की 562 रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत की नींव रखी। महापौर शैलेंद्र रावत ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल का पूरा जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित रहा है। वहीं एकता दौड़ के ओपन पुरुष वर्ग में अनुज नेगी ने प्रथम, ऋतिक रावत ने द्वितीय और विकास ने तृतीय जबकि ओपन महिला वर्ग में दीक्षा धस्माना ने प्रथम, काजल ने द्वितीय और सृष्टि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ विद्यालयी वर्ग बालक में आदित्य रावत ने प्रथम, मयंक गुसाईं ने द्वितीय, वंश खाती ने तृतीय और बालिका वर्ग में निकिता ने प्रथम, अंकिता रावत ने द्वितीय और ईवा डोगरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग बालक में आशीष सैनी ने प्रथम, दीपक रावत ने द्वितीय, निर्पेंद्र पाल ने तृतीय जबकि बालिका वर्ग में नव्या नेगी ने प्रथम, माही थापा ने द्वितीय और संजना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में दौड़ के विजेताओं के साथ ही स्टेडियम प्रभारी श्याम सिंह डांगी, मान सिंह थापा, सतपाल असवाल, विनय रावत, महेश कुकरेती, पूरण धुलिया, राकेश भट्ट सहित 21 खेल प्रशिक्षकों, शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

# हेड हेरिटेज एकडमी में कॉलेज फेयर का हुआ आयोजन

## विभिन्न विवि ने अपने कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत गाड़ीघाट स्थित हेड हेरिटेज एकडेमी में गुरुवार को पांचवें कॉलेज फेयर का आयोजन किया गया। फेयर में स्थानीय, अंतर्राज्यीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने छात्रों को अपने-अपने कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया पर जानकारी दी।

कार्यक्रम का आरंभ करते हुए एकेडमी प्रधानाचार्य डॉ. रूपमाला सिंह ने कहा कि एकेडमी की ओर से इस तरह के आयोजन लगातार कराये जाते हैं। इन आयोजनों से छात्रों को विभिन्न यूनिवर्सिटियों में चयन की जानकारी मिलती है। तत्पश्चात एमिटी यूनिवर्सिटी पंजाब, एसजीटी यूनिवर्सिटी गुरुग्राम, चितकारा यूनिवर्सिटी पंजाब, एसआरएचयू देहरादून, शारदा यूनिवर्सिटी ग्रेटी नोएडा, एमआइटी- डब्लूपीयू पुणे, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लुधियाना, बेनेट यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा, यूपीईएस देहरादून, सीजीसी पंजाब, आइसीएफएआइ देहरादून, एसआरएम यूनिवर्सिटी सोनीपत, एमएम यूनिवर्सिटी अंबाला, एडिथ कान यूनिवर्सिटी आस्ट्रेलिया के साथ ही यूएस, जर्मनी व स्पेन की यूनिवर्सिटियों से आए प्रतिनिधियों ने छात्रों को अपने-अपने कालेजों में प्रवेश और शिक्षा की गुणवत्ता पर जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्रों के साथ ही उनके अभिभावक भी शामिल रहे।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र रवि व उसकी पत्नी प्राची जो मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते है तथा मेरे कहने सुनने में नहीं है, इसलिए मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहा हूं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**दिग्विजय सिंह पुत्र स्व. जगत सिंह, निवासी बी-357 नई कॉलोनी कालागढ़, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड**

# पटेल व इंदिरा गांधी का पुण्य स्मरण किया



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती और देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 41वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश की दोनों महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के लिए उनके योगदान को याद किया।

भाबर क्षेत्र के निंबूचौड़ स्थित एक बारातघर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि देश के लिए दोनों महान विभूतियों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। कहा कि आज ही के दिन गुजरात के नाडिया में जन्मे सरदार बल्लभ भाई पटेल ने आजादी के बाद देश की अखंडता को बनाये रखने के लिए 562 छोटी बड़ी रियासतों का भारत में विलय कराया, इसी कारण राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें लौह पुरूष की उपाधि दी। वहीं देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1971 के भारत पाक युद्ध के दौरान कुशल रणनीति का परिचय देते हुए पाकिस्तान के 90 हजार से अधिक सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर कर दिया। साथ ही ग्रामीण बैंकों की स्थापना, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, पोखरन परमाणु परीक्षण और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान दिया, जिसे हमेशा याद किया जाता रहेगा। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विनोद डबराल, बलबीर सिंह रावत, रंजना रावत, रमेश खंतवाल, श्रीधर वेदवाल, केशर सिंह चौहान, लक्ष्मी बिष्ट, गोकुल सिंह नेगी और निर्मल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने पीड़ित परिवारों से की मुलाकात

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड की सीमा पर स्थित देवरामपुर गांव के अनुसूचित जाति के लोगों पर हुए मुकदमों पर बहुजन समाज पार्टी ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि पुलिस, परिवारों को साजिश के तहत फंसाने का कार्य कर रही है। गुरुवार देर शाम को बसपा के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ देवरामपुर गांव पहुंचे, जहां उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। लोगों ने बताया कि 22 अक्टूबर को देवरामपुर के अनुसूचित जाति की बस्ती में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था, जिसमें पुलिस ने एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए 19 महिलाओं सहित 23 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। कहा कि पुलिस ने बदले की भावना से एकतरफा कार्रवाई की है, जिसे उचित नहीं कहा जा सकता। उन्होंने पीड़ितों को आश्वासन दिया कि बसपा इस प्रकरण में उन्हें हर संभव मदद देगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास कुमार आर्य, रति राम, डा. मनीराम, काशीराम निराला, शिव कुमार व सोमपाल सिंह पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं

